दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 40
कोटद्वार बुधवार
31 मई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# मेडल बिना विसर्जित किए वापस लौटे पहलवान

## गंगा सभा ने कहा—ये कोई राजनीति का अखाड़ा नहीं

**हरिद्वार।** महिला खिलाड़ियों के उत्पीड़न के विरोध में आज विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया गंगा में मेडल प्रवाहित करने हरिद्वार पहुंचे। लेकिन श्री गंगा सभा ने हरकी पैड़ी पर मेडल विसर्जन करने से उन्हें रोक दिया। श्री गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम ने कहा है कि हरकी पैड़ी सनातन का पवित्र तीर्थ स्थल है। पहलवान स्नान करें। दानपुण्य कार्य करें। लेकिन मेडल विसर्जन नहीं करने दिया जाएगा। हरकी पैड़ी को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने दिया जाएगा।

नितिन गौतम ने बयान जारी करते हुए पहलवानों के मेडल विसर्जन पर आपत्ती जताई है। निंदा करते कहा है कि श्री गंगा सभा पहलवानों के इस कृत्य का बहिष्कार करती है। हरकी पैड़ी श्रद्धालुओं की आस्था और अस्थि विसर्जन का क्षेत्र है, न कि मेडल विसर्जन का। हरिद्वार में सभी जगह पर गंगा जी प्रवाहित हैं। पहलवान हरकी पैड़ी छोड़कर अन्य जगह अपना कार्य कर सकते हैं। तीर्थ की मर्यादा बनाए रखने के लिए मेडल



विसर्जन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

कहा कि मंगलवार को गंगा दशहरा पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु हरकी पैड़ी और आसपास के गंगा घाटों पर स्नान करने पहुंचे हैं। संध्या कालीन आरती में हरकी पैड़ी पर काफी श्रद्धालु रहते हैं। ऐसे में पहलवानों की वजह से भगदड़ मचने से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। अध्यक्ष ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन को पहलवानों को रोका जाना चाहिए।भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता नरेश टिकैत पहलवानों से मिलने मौके पर पहुंचे। उन्होंने काफी देर तक पहलवानों को समझाया। उन्होंने पहलवानों को आश्वासन दिया कि वह पहलवानों को इंसाफ दिलाने के लिए वार्ता करेंगे। नरेश टिकैत की बात मानने के बाद पहलवान करीब पौने दो घंटे के बाद वापस दिल्ली लौट गए।बता दें कि मंगलवार को बजरंग पुनिया ने मेडल गंगा में प्रवाहित करने की जानकारी अपने ट्वीटर एकाउंट पर दी थी। उन्होंने लिखा '28 मई को जो हुआ वह आप सबने देखा। पुलिस ने हम लोगों के साथ क्या व्यवहार किया। हमें कितनी बर्बरता से गिरफ्तार किया। हम शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे। हमारे आंदोलन की जगह को भी पुलिस ने तहस नहस कर हमसे छीन लिया और अगले दिन गंभीर मामलों में हमारे ऊपर ही एफआईआर दर्ज कर दी गई। क्या महिला पहलवानों ने अपने साथ हुए यौन उत्पीड़न के लिए न्याय मांगकर कोई अपराध कर दिया है। पुलिस और तंत्र हमारे साथ अपराधियों जैसा व्यवहार कर रही है, जबकि उत्पीड़क खुली सभाओं में हमारे ऊपर फबतियां कस रहे हैं। टीवी पर महिला पहलवानों को असहज कर देनी वाली अपनी घटनाओं को कबूल करके उनको ठहाकों में तब्दील कर दे रहा है। यहां तक कि पाक्सो एक्ट को बदलवाने की बात सरेआम कह रहा है। महिला पहलवान अंदर से ऐसा महसूस कर रही हैं कि इस देश में हमारा कुछ बचा नहीं है। हमें वे पल याद आ रहे हैं जब हमने ओलंपिक, वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीते थे।अब लग रहा है कि क्यों जीते थे। क्या इसलिए जीते थे कि तंत्र हमारे साथ ऐसा घटिया व्यवहार करे। हमें घसीटे और फिर हमें ही अपराधी बना दे। कल पूरा दिन हमारी कई महिला पहलवान खेतों में छिपती फिरी हैं। तंत्र को पकड़ना उत्पीड़क को चाहिए था, लेकिन वह पीड़ित महिलाओं को उनका धरना खत्म करवाने, उन्हें तोड़ने और डराने में लगा हुआ है। अब लग रहा है कि हमारे गले में सजे इन मेडलों का कोई मतलब नहीं रह गया है। इनको लौटाने की सोचने भर से हमें मौत लग रही थी, लेकिन अपने आत्म सम्मान के साथ समझौता करके भी क्या जीना.।

लिखा कि मन में यह सवाल आया कि किसे लौटाएं ये मेडल। हमारी राष्ट्रपति को, जो खुद एक महिला हैं। मन ने ना कहा, क्योंकि वह हमसे सिर्फ दो किलोमीटर दूर बैठीं सिर्फ देखती रहीं, लेकिन कुछ भी बोली नहीं। हमारे प्रधानमंत्री को, जो हमें अपने घर की बेटियां बताते थे। मन नहीं माना, क्योंकि उन्होंने एक बार भी अपने घर की बेटियों की सुध नहीं ली, बल्कि नई संसद के उद्घाटन में हमारे उत्पीड़क को बुलाया। वह तेज सफेदी वाले चमकदार कपड़ों में फोटो खिंचवा रहा था. उसकी सफेदी हमें चुभ रही थी, मानो कह रही हो कि मैं ही तंत्र हूं।

इस चमकदार तंत्र में हमारी जगह कहां हैं। भारत में बेटियों की जगह कहां हैं। क्या हम केवल नारे बनकर या सत्ता में आने भर का एजेंडा बनकर रह गई हैं। ये मेडल अब हमें नहीं चाहिए क्योंकि इन्हें पहनाकर हमें मुखौटा बनाकर केवल अपना प्रचार करता है यह तेज सफेदी वाला तंत्र और फिर हमारा शोषण करता है। हम उस शोषण के खिलाफ बोलें तो हमें जेल में डालने की तैयारी कर लेता है।

इन मेडलों को हम गंगा में बहाने जा रहे हैं, क्योंकि वह गंगा मा हैं। जितना पवित्र हम गंगा को मानते हैं उतनी ही पवित्रता से हमने मेहनत कर इन मेडलों को हासिल किया था। ये मेडल सारे देश के लिए ही पवित्र हैं और पवित्र मेडल को रखने की सही जगह पवित्र मां गंगा ही हो सकती है।

### हरिद्वार में गंगा तट पर हाथों में मेडल लेकर खूब रोए खिलाड़ी, लोग भी हुए भावुक

हरिद्वार । महिला खिलाड़ियों के उत्पीड़न को लेकर सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों ने अपने मेडल गंगा में बहाने का एलान किया है। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक अपने मेडल गंगा में प्रवाहित करने हरिद्वार पहुंचे हैं। खिलाड़ी अपने मेडल लेकर मालवीय घाट पास बैठ गए। इससे पहले पहलवान मेडल हाथों में लेकर रो पड़े। आसपास के कई लोगों की आंखें भी पहलवानों को देखकर नम हो गईं। दूसरी तरह भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। आंदोलनकारी पहलवानों के समर्थन में काफी संख्या में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता भी हरिद्वार पहुंचे हैं। वहीं, पहलवानों के पहुंचते ही हरकी पैड़ी पर लोगों की भीड़ जुट गई।

### अमृतसर से माता वैष्णो देवी जा रही बस खाई में गिरी, 10 लोगों की दर्दनाक मौत

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में एक भीषण हादसा हो गया। अमृतसर से कटरा जा रही बास गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हो गए हैं। बचाव अभियान चलाया जा रहा है। घायलों का उपचार जम्मू के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। छह लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी जबकि 4 द्धह्य् मौत जीएमसी जम्मू में हुई है। मरने वालों और घायलों की अभी पहचान की जा रही है।

बताया जा रहा है कि बस संख्या क्क81ष्टञ्ज-3537 अमृतसर से वैष्णो देवी (कटरा) जा रही थी। बस में 50 से ज्यादा यात्री सवार थे। जैसे ही बस नेशनल हाइवे 44 पर झज्जर कोटली पहुंची, बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में कम से कम 10 लोगों के मरने की खबर है। वहीं, 41 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा जम्मू जिले के कटरा से करीब 15 किलोमीटर दूर झज्जर कोटली के पास हुआ है।

सीआरपीएफ अधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि जैसे ही हमें सुबह दुर्घटना की जानकारी मिली। तुरंत हमारी टीम ने यहां पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। शवों को निकाला गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस की टीम भी हमारे साथ रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी है। सीआरपीएफ, पुलिस और अन्य टीमें भी यहां हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि बस में बिहार के लोग थे जो कटरा जा रहे थे। वे शायद कटरा का रास्ता भूल गए और यहां पहुंच गए।

### निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नंदन सिंह बिष्ट के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने नंदन सिंह बिष्ट के यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की। नंदन सिंह बिष्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पुराने सहयोगी रहे हैं।

### देहरादून में कई चौकी इंचार्ज समेत नौ दरोगाओं के तबादले

**देहरादून।** डीआईजी देहरादून दलीप सिंह कुंवर ने जिले में कई चौकी इंचार्ज समेत नौ दरोगाओं के तबादले किए हैं। तबादला सूची में सहसपुर के सभावाला चौकी इंचार्ज रजनीश कुमार सैनी को चार्ज से हटाकर वसंत विहार थाने भेजा गया है। गांधीपार्क गेट पर बेरोजगारों के पत्थरबाजी और लाठीचार्ज मामले के बाद धारा चौकी से चकराता थाने भेजे गए दरोगा विवेक राठी को सभावाला चौकी इंचार्ज बनाया गया है। करनपुर चौकी इंचार्ज विनय शर्मा को अशारोड़ी चौकी इंचार्ज बनाया गया है। बाईपास चौकी इंचार्ज देवेश खुगशाल को करनपुर चौकी का नया इंचार्ज बनाया है। डोईवाला थाने के दरोगा दीपक द्विवेदी को बाईपास चौकी इंचार्ज की जिम्मेदारी सौंपी है। लाखामंडल चौकी इंचार्ज निखिल देव को डालनवाला कोतवाली भेजा है। डालनवाला कोतवाली से दरोगा जसपाल गुसाईं को लाखामंडल चौकी का नया इंचार्ज बनाया है। कैंट थाने के दरोगा मुकेश डिमरी को पटेलनगर कोतवाली भेजा गया है।

## देहरादून में हुई झमाझम बारिश, पड़े ओले, टोंस व यमुना नदी में प्रवेश पर प्रतिबंध



**देहरादून** । उत्तराखंड में दोपहर को मौसम ने करवट बदली। देहरादून और मसूरी में झोंकेदार हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। वही, ओले भी गिरे।उधर, ऊंचाई वाले इलाकों में दो दिन (मंगलवार और बुधवार) झोंकेदार हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। झोंकेदार हवा की रफ्तार 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। जबकि, मैदानी इलाकों में भी मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

मानसून की आहट के बीच उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) ने टोंस और यमुना नदी में लोगों के प्रवेश, मवेशी या वाहन ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में यूजेवीएनएल ने अपील जारी कर दी है।दरअसल, मानसून सीजन आने के बाद तेज बारिश होने पर अचानक इन नदियों में बांध से पानी छोड़ना पड़ता है। इसके लिए पूर्व से सूचना देना संभव नहीं हो पाता। लिहाजा, यूजेवीएनएल ने नोटिस जारी करते हुए कहा है कि मानसून अवधि 16 जून से 15 अक्तूबर तक यूजेवीएनएल इच्छाड़ी बांध और डाकपत्थर बैराज से टोंस नदी, यमुना नदी में कभी भी पानी छोड़ा जा सकता है। इस अवधि में इन नदियों में खुद उतरना, मवेशी ले जाना या वाहन ले जाना खतरनाक हो सकता है। लिहाजा, सभी से अपील की गई है कि मानसून अवधि में वे इन नदियों से दूर रहें।

## युवाओं के लिए 20 हजार रोजगार के नये अवसर सृजित होगें : सीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**
**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास और कार्यान्वयन ट्रस्ट की शीर्ष मॉनिटरिंग अथॉरिटी की दूसरी बैठक में सचिवालय से वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। उन्होंने उत्तराखण्ड के किच्छा तहसील के अन्तर्गत लगभग 1000 एकड़ पर विकसित किये जाने वाले अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कोरिडोर प्रोजेक्ट के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया।



**सीएम पुष्कर सिंह धामी सचिवालय से वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग करते हुए।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में लगभग 7500 करोड का प्रत्यक्ष निवेश व युवाओं के लिए लगभग 20000 रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) का गठन, पर्यावरणीय अनुमति, शेयर होल्डर एग्रीमेंट व स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट, ग्राउण्ड वाटर अनुमति एवं सीडा द्वारा मानचित्र के अनुमोदन की कार्यवाही की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों के सम्पन्न होने के बाद यह परियोजना प्रारम्भ करने के स्थिति में हैं। राज्य सरकार ने एसपीवी को भूमि लीज पर दिये जाने हेतु सिडकुल को उपलब्ध करा दी है। इसी तरह अवस्थापना विकास कार्यों हेतु इंटरनल डेवलपमेंट के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। बाह्य अवस्थापना कार्यों जैसे विद्युत आपूर्ति एवं बाढ़ सुरक्षा कार्यों हेतु यूपीसीएल एवं सिंचाई विभाग से डीपीआर बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार से एसपीवी में अपना अंश जो कि लगभग 410 करोड़ है, का योगदान मिलने से समस्त अवस्थापना के कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किये जायेंगे। उन्होंने एसपीवी में अपना अंश जल्द देने का केन्द्र सरकार से अनुरोध किया।

कहा कि उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियां लगभग उत्तर पूर्वी राज्यों की भांति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस प्रोजेक्ट को आर्थिक केन्द्र बनाते हुए लगभग 3000 एकड़ पर ग्रीन फील्ड सिटी बनाने की परियोजना पर भी कार्य कर रही है।

इस क्षेत्र में एम्स का सेटेलाईट सेंटर, किच्छा डिग्री कॉलेज एवं बस अड्डा का कार्य प्रारम्भ हो चुका है एवं रोड चौड़ीकरण के प्रथम चरण का कार्य सम्पन्न किया जा चुका है। इस क्षेत्र से लगभग 15 मिनट की दूरी पर पंतनगर एयरपोर्ट है, इसको इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने के लिए योजना अन्तिम चरण में है।

इस तरह राज्य सरकार एक योजनाबद्ध तरीके से इस क्षेत्र के लिए सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। बैठक में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सचिव डीपीआईआईटी राजेश कुमार, विशेष सचिव श्रीमती सुमीता डाबरा उपस्थित थे।

## यमुनोत्री दर्शन कर लौट रहे दिल्ली के यात्री की हार्ट अटैक से मौत

### गंगोत्री में चालक की गई जान

**बड़कोट (उत्तरकाशी)** । यमुनोत्री धाम के दर्शन कर लौट रहे एक तीर्थयात्री की मंगलवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, विनोद कुमार भाटियाड़ा(71) निवासी दिल्ली की धाम से लौटते समय अचानक तबीयत बिगड़ गई।

उन्हें आनन फानन अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यात्री की मौत हार्ट अटैक के कारण बताई जा रही है। बता दें कि धाम में अब तक यात्रा के दौरान 20 यात्रियों की जान जा चुकी है।

मध्य प्रदेश के चार यात्रियों को गंगोत्री धाम की यात्रा पर ले जा रहे टिहरी गढ़वाल निवासी चालक की हृदय गति रूकने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अगर चालक जल्दबाजी या अपनी स्थिति को नहीं भांपता। तो बड़ी दुघर्टना हो सकती थी। चालक की तबीतय खराब होने पर यात्री स्वंय कार को चलाकर हीना बैरियर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया।

गंगोत्री धाम के हीना बैरियर इंचार्ज इंद्र सिंह तोमर ने बताया कि दोपहर से पूर्व चालक हर्षमणी सेमवाल पुत्र धनश्याम सेमवाल निवासी सुकरी लंबगांव टिहरी गढ़वाल मध्य प्रदेश के चार यात्रियों को लेकर गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुए थे। यह चारधाम यात्रा बुकिंग पर इन दो महिला और दो पुरुषों यात्रियों को लेकर ऋषिकेश से रवाना हुए थे। यह यात्री यमुनोत्री धाम के दर्शन के बाद गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुए थे। मंगलवार को दोपहर पहले चालक हर्षमणी सेमवाल हीना बैरियर पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने चेकिंग के बाद हीना बैरियर से करीब तीन किमी आगे निकले। जब चालक की तबीयत खराब हुई। तो उन्होंने शौचालय के बहाने गाड़ी रोकी।

उसके बाद वह पानी लेकर साइड गए। जहां पर ज्यादा तबीयत खराब होने के कारण चालक बहुत देर तक गाड़ी पर नहीं आए। उसके बाद यात्रियों ने उन्हें जाकर देखा।

### केंद्रीय मंत्री ने सिविल सेवकों को किया सम्मानित

## अब महिला नेतृत्व की ओर बढ़ रहा देश: जितेंद्र सिंह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत महिलाओं की भागीदारी से महिला नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को यह बात कही। वे सिविल सेवा परीक्षा के शीर्ष 20 रैंक पाने वाले अभ्यर्थियों को सम्मानित किया। बता दें कि हाल ही में आए सिविल सेवा परीक्षा के परिणामों में टॉप करने वालों में अधिकांश महिलाएं हैं।

इस दौरान सम्मान समारोह के अपने स्वागत भाषण में उन्होंने सिविल सेवकों के 2022 बैच को 'चेंज ऑफ़ लीडर्स' बताया। उन्होंने कहा कि जब भारत 25 वर्षों के बाद आजादी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाएगा तब ये लोग शासन के प्रमुख पदों पर होंगे। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा के पहले चार टॉपर्स और शीर्ष 20 में से 60 प्रतिशत महिलाएं हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के पिछले नौ सालों में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तन का एक बड़ा प्रतिबिंब है। भारत महिलाओं की भागीदारी से महिला नेतृत्व की ओर आगे बढ़ रहा है। बता दें कि सिविल सेवा के शीर्ष 20 टॉपर्स में 12 महिला और 8 पुरुष उम्मीदवार शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने याद करते हुए कहा कि बीते साल भी शीर्ष तीन टॉपर महिलाएं थीं। साथ ही उम्मीद जताई कि 2023 की सिविल सेवा परीक्षा में महिलाएं हैट्रिक बनाएंगी।इन शीर्ष 20 टॉपर्स ने नॉर्थ ब्लॉक स्थित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के मुख्यालय में मंत्री से मुलाकात की थी।

अपने संबोधन में केंद्रीय राज्यमंत्री ने बीते कुछ सालों में हुए जनसांख्यिकीय परिवर्तन की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह उम्मीदवार बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना जैसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आते हैं। यह लिंग और जनसांख्यिकीय परिवर्तन भारत जैसे विविधतापूर्ण देश के लिए शुभ संकेत है।

परीक्षा का परिणाम 23 मई 2023 को घोषित किया गया था। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा सिविल सेवा परीक्षा 2022 के परिणामों के आधार पर विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 933 उम्मीदवारों (613 पुरुष और 310 महिलाएं) की सिफारिश की गई है। इस अवसर पर, सिंह ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (क्वअर) सिविल सूची 2023 भी जारी की।

### अतीक का लूट गया सब कुछ

## परिवार बिखरा, दगा देने की फिराक में पार्टनर, रियल एस्टेट में लगे हैं अरबों रुपये

प्रयागराज, एजेंसी। माफिया अतीक की हत्या के बाद उसका अरबों का रियल एस्टेट का कारोबार डूब सकता है। महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा से लेकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों तक फैले प्रापर्टी कारोबार में माफिया की काली कमाई भी लगी हुई है। अतीक-अशरफ की हत्या के बाद उसका परिवार पूरी तरह बिखर चुका है, बर्बाद भी हो चुका है। गर्दिश के मौजूदा दिनों का फायदा उठाने की फिराक में कई बिजनेस पार्टनर हैं। इनमें से कुछ कारोबारी एसटीएफ और ईडी के पास भी सूचीबद्ध हैं।

अतीक की काली कमाई का बड़ा हिस्सा रियल एस्टेट के कारोबार में लगा हुआ है। दो दर्जन से अधिक फर्में उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन और उसके सालों और करीबियों के नाम है। शहर के कई नामचीन बिल्डरों और कारोबारी समूहों के साथ भी अतीक साझेदार रहा है। दर्जन भर से अधिक बड़े बिल्डर प्रत्यक्ष रूप से उसके पार्टनर रहे हैं। इस बीच पहले असद का एनकाउंटर और बाद में अतीक-अशरफ की भी हत्या से उसका



रियल एस्टेट कारोबार डूबने की कगार पर है।

वजह है कि कारोबार संभालने और हिसाब-किताब देखने में सक्षम अतीक की 50 हजार रुपये की इनामी बीवी शाइस्ता परवीन एसटीएफ के डर से छिपती फिर रही है। माफिया के दो जवान बेटे अली और उमर जेल में हैं। शेष दो नाबालिग बेटों को प्रशासन ने बाल गृह में रखा है। अब न कोई हिसाब रखने वाला है, न मांगने वाला। बिजनेस पार्टनरों पर माफिया के परिवार का दबाव भी खत्म हो गया लगता है। इसका अंदाजा यूपी में रियल एस्टेट कारोबार में दखल रखने वाले अतीक के करीबी और साझेदार बिल्डर से असद के हिसाब मांगने के वायरल ऑडियो से भी लगता है। यह ऑडियो एसटीएफ की जांच का हिस्सा भी है।

# संस्थागत प्रसव का शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल न करने वाले प्रभारी चिकित्सा अधिकारी देगें स्पष्टीकरण



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रुद्रप्रयाग की समीक्षा बैठक करते हुए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संस्थागत प्रसव को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संस्थागत प्रसव का शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल न करने वाले प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश भी दिए। एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। मातृत्व स्वास्थ्य की समीक्षा में बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमास में अब तक संस्थागत प्रसव 228 हुए हैं, जबकि 7 होम डिलीवरी प्रसव हैं। कुल प्रसव का तीन प्रतिशत होम डिलीवरी होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इस विषय पर संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों का स्पष्टीकरण लेने को निर्देशित किया है व संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को होम डिलीवरी से संबंधित गांवों का भ्रमण कर भविष्य में संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित आशा एवं एएनएम की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। बैठक में आशा कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान आशा कार्यकत्रियों को उनके कार्यों के लिए अधिक सक्रिय करने के निर्देश दिए। कहा कि अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाली आशाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। पीसीपीएनडीटी कार्यक्रम के अंतर्गत लिगांनुपात सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही संभी पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों के मुख्य दरवाजे पर सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगवाने को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायती राज विभाग से यथोचित सहयोग प्राप्त कर पंचायतो ंको टीबी मुक्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। एनटीसीपी कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा 30 जून तक चलने वाले तंबाकू निषेध अभियान के प्रभावी संचालन व श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग पर तंबाकू निषेध की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आशुतोष, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अगस्त्यमुनि डॉ. विशाल वर्मा, प्र.चि.अ. जखोली डॉ. यास्मिन, प्र.चि.अ. डॉ. गोपाल सजवाण, डीपीएम हिमांशु नौटियाल, डीपीसी मुकेश बगवाड़ी, काउंसलर आरकेएसके विपिन सेमवाल, डीडीएम अशोक नौटियाल, डीबीसीसीएफ हरेंद्र सिंह नेगी, डीसीएम हेमलता गैरोला, डीसी पीसीपीएनडीटी डॉ. मनवर सिंह रावत, आरबीएसके मैनेजर सुमन जुगराण आदि मौजूद रहे।



## गंदे पानी की समस्या को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

ऋषिकेश। हरिद्वार मार्ग स्थित पुरानी चुंगी पर गंदा पानी एकत्रित होने से स्थानीय लोग परेशान हैं। नगर निगम के पार्षदों ने नगर आयुक्त से जल्द जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की। मंगलवार को नगर के कुछ पार्षदों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि हरिद्वार मार्ग पर पुरानी चुंगी के समीप एक माह से गंदा पानी बह रहा है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों और आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहां स्थानीय दुकानदारों का रोजगार ठप पड़ गया है। क्षेत्र में बीमारियों का खतरा बना हुआ है। वहां समीप ही जल निकासी के लिए नाले का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन यह कार्य बहुत ही धीमी गति से हो रहा है। इसकी वजह से जल निकासी नहीं हो पा रही है। उन्होंने नाले का निर्माण कार्य जल्द करवाने और जल निकासी की व्यवस्था करवाने की मांग की। मौके पर पार्षद शिवकुमार गौतम, विरेंद्र रमोला, राजेश कुमार, सुरेंद्र सैनी आदि रहे।

## एक नजर

### भव्यता से मनाया गया गंगा दशहरा का पर्व

चमोली : भू बैकुंठ बदरीनाथ में अलकनंदा नदी पर मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण दिवस गंगा दशहरा का पर्व भव्यता से मनाया गया। बदरीनाथ धाम में गांधी घाट पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। बदरीश पंडा पंचायत द्वारा आयोजित गंगा दशहरा कार्यक्रम के अवसर पर आचार्य तीर्थ पुरोहितों द्वारा मां गंगा की पूजा-अर्चना की गयी। आचार्यों ने, विद्वत जनों ने गंगा की महिमा का वर्णन किया। गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर मां गंगा को साफ सुथरा रखने का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बदरीनाथ धाम के धर्माधिकारी आचार्य राधाकृष्ण थपलियाल, स्वामी मुकुंदानंद महाराज, वेदपाठी रवीन्द्र भट्ठ, नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी, श्री बदरीश पंडा पंचायत के अध्यक्ष प्रवीण ध्यानी, उपाध्यक्ष सुधाकर बाबुलकर, सचिव रजनीश मोतीलाल, प्रमोद मेवाड़गुरू, आचार्य धीरज तिवारी, अनंत कोटियाल, डिमरी पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### भाजपा के आला नेता जनता को भटका रहे : खंडूड़ी

चमोली : कांग्रेस के व वरिष्ठ नेता और गढ़वाल लोक सभा के पूर्व प्रत्याशी मनीष खंडूड़ी ने कहा कि भाजपा देश में धर्म आधारित राजनीति कर नफरत को बढ़ावा दे रही है। महंगाई, बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। महिला अपराधों पर अंकुश नहीं है। लेकिन भाजपा की केंद्र और प्रदेश के आला नेता दल धर्म की बातें कर जनता को भटका रहे हैं। मंगलवार को चमोली भ्रमण पर पहुंचे मनीष खंडूड़ी का कार्यकर्ताओं का गौचर और कर्णप्रयाग में जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने कार्यकर्ताओं से निकाय और लोक सभा चुनावों में जुटने का आवाह्न किया। वहीं गौचर नगर अध्यक्ष सुनील पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार इस वर्ष के अंत में होने वाले निकाय चुनावों को टालना चाहती है।

### मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे पूर्व सैनिक

नई टिहरी : पूर्व सैनिकों ने लंबित मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में रैली निकालकर सरकार से जल्द उनकी मांगों का निस्तारण करने को कहा। उन्होंने कहा कि जल्द पूर्व सैनिकों मांगों पर उचित कार्यवाही नहीं होती है, तो वह आंदोलन के लिये बाध्य होंगे।

मंगलवार को पूर्व सैनिकों कल्याण एसोसिएशन से जुड़े सैनिकों ने अपनी लंबित विभिन्न मांगों को लेकर नई टिहरी स्थित सीएसडी कैंटीन से तहसील कार्यालय तक रैली निकाली। संगठन जिलाध्यक्ष देव सिंह पुंडीर ने कहा कि पूर्व सैनिक लंबे समय से वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने,मिलिट्री सर्विस पे देने, सभी को समान डिसेबिलिटी पेंशन देने, एक जुलाई 2014 के बाद प्री–मैच्योर रिटायरमेंट वाले पूर्व सैनिकों को ओआरओपी का लाभ देने, युद्ध में शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं तथा उनके परिवार की सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी आदि मांगों के निस्तारण को लेकर पूर्व सैनिक लंबे समय मांग करते आ रहे हैं,

## बारिश से गिरा पारा, मौसम हुआ सुहावना

ऋषिकेश। तेज हवाओं के साथ बारिश के चलते मंगलवार को तीर्थनगरी के अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। तेज हवा के कारण कई जगह विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त होने से बिजली भी गुल रही।

मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बुधवार को भी हवा और तेज गर्जना के साथ बारिश की संभावना जताई है। मंगलवार को सुबह के समय आसमान में बादल छाये रहे। दोपहर एक बजे अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक तेज बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त रहा। खासकर बाजार में खरीदारी को आये लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। झमाझम बारिश होने के बाद शहर में सफाई व्यवस्था की कलई खुल गई है। शहर की अधिकांश सड़कों पर जल भराव हो गया। पानी की निकासी का इंतजाम नहीं होने से यह समस्या उत्पन्न हो गई। इससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। नगर निगम ने अभी तक मानसून के आगमन को लेकर भी शहर में किसी प्रकार की तैयारी नहीं की है।

## पत्रकारिता की चुनौतियों पर हुई गोष्ठी

देहरादून। हिंदी पत्रकारिता दिवस पर मसूरी एक्टिव मीडिया प्रेस क्लब में पत्रकारिता की चुनौतियों पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता के 197 साल के इतिहास की जानकारी दी। क्लब सभागार में आयोजित गोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार शूरवीर भंडारी ने कहा कि आज की पत्रकारिता भले ही आधुनिक तकनीकि के कारण आसान हो गई है, लेकिन सोशल मीडिया का इस पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। अध्यक्षता करते हुए क्लब अध्यक्ष सुनील सिलवाल ने कहा कि पहले पत्रकार को काफी संघर्ष करना पड़ता था लेकिन सोशल मीडिया के आने से सरल हो गया।

## गंगा दशहरा पर देवप्रयाग संगम पर उमड़े श्रद्धालु



नई टिहरी : मां गंगा के अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर देवप्रयाग तीर्थ में पूरे दिन तीर्थ यात्रियों और स्थानीय लोगों का गंगा स्नान के लिए संगम पर तांता लगा रहा। गंगा किनारे बैठक कर लोगों ने पूजा अर्चना के साथ जप दान किया। गंगा दशहरा पर्व पर देवप्रयाग में अलकनंदा भागीरथी संगम पर गंगा स्नान के लिए मंगलवार सुबह से लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। बदरी केदार यात्रा पथ पर देवप्रयाग में भागीरथी नदी दर्शन करने के लिये देश के विभिन्न हिस्सों से तीर्थ यात्री गंगा स्नान, दान पूजन के लिए यहां पहुंचे। मुख्य स्नान संगम व भगवान राम की तप स्थली रामकुंड में हुआ। गंगा में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालु बड़ी संख्या में भगवान रघुनाथ के दर्शन पूजन को भी पहुंचे। ऐसी मान्यता है कि ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को मां गंगा को राजा भगीरथ ने कठोर तप से प्राणी मात्र के उद्धार के लिए धरती पर उतरा था। पितरों को मोक्ष देने वाली भागीरथी को पितर गंगा भी कहा जाता है। गंगा दशहरा पर्व पर गंगा में स्नान, दान आदि से मनुष्य को शरीर, मन और वाणी से किये गए पापों से छुटकारा मिलने की मान्यता है। गंगा नाम की उद्गम स्थली देवप्रयाग में बदरीनाथ केदारनाथ जा रहे और लौट रहे तीर्थ यात्रियों का मंगलवार को पूरे दिन जमघट लगा रहा।

## अवैध कब्जा मुक्त कराने को लेकर कांग्रेसियों का धरना



हरिद्वार। नगर निगम की भूमि अवैध कब्जों से मुक्त कराने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय परिसर धरना दिया। अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस सचिव डॉ दिनेश पुंडीर व संचालन कांग्रेसी नेता मनोज जाटव ने किया। इस अवसर पर मेयर प्रतिनिधि अशोक शर्मा ने कहा निगम की भूमि अवैध कब्जा मुक्त होनी चाहिए। हमें यहां जनता ने चुना है और हम जनता की आवाज उठाने और नगर निगम की भूमि से कब्जा मुक्त कराने आए हैं। वसीम सलमानी और बृजमोहन बड़थ्वाल ने कहा कि नगर निगम की भूमि पर कब्जा नहीं होने देंगे। पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल और अनिल भास्कर, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुसचित विभाग सुनील कुमार और तीर्थपाल रवि ने कहा नगर निगम की भूमि पर कब्जा करने वालों को भाजपा का संरक्षण प्राप्त है। मनोज सैनी और प्रदेश सचिव नीतू बिष्ट ने कहा निगम की भूमि पर अवैध कब्जे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। धरना प्रदर्शन में पार्षद मेहरबान खान, पुनीत कुमार, तहसीन अंसारी ने अपने विचार रखे। इस दौरान शुभम अग्रवाल, हिमांशु बहुगुणा, नावेज अंसारी, अंकुर सैनी, जगदीप अस्वाल, रजत कुमार, आकाश बिरला, समर्थ अग्रवाल, हरद्वारी लाल, सुमित भाटिया, सत्येंद्र शर्मा, गौरव चौहान, नारायण कुमार, अजय दास महाराज, पार्वती नेगी, रोशनलाल, रणवीर शर्मा, राजेंद्र गुप्ता, तेजस्वी गुप्ता, छोटेलाल, संजय, कालूराम, अशोक साहू, सुनील साहू, अनिल साहू, कल्याण खान, सोनू राजपूत, सोनू जाटव, विपिन चौहान अमित साहू, अनिल राठौर, पवन साहू, श्यामलाल, मोनू कुमार, सचिन पालीवाल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## जन—जन को बताएं केंद्र की उपलब्धियां: जोशी

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेशी जोशी ने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन—जन तक पहुंचाने की अपील की। जोशी ने मंगलवार को भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान को लेकर मसूरी विधानसभा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को नौ वर्ष पूरे होने पर महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। लिहाजा, कार्यकर्ता गांव के अंतिम छोर तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इन नौ सालों में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। ये साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित हैं। इस दौरान विशिष्ट जन संपर्क, वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मान, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन, योग दिवस कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

## दून के छात्रों ने इंटरनेशनल ओलंपियाड में दिखाई प्रतिभा

देहरादून। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित इंटरनेशनल मैथमैटिक ओलंपियाड परीक्षा में दून के कई छात्रों ने इंटरनेशनल रैंक हासिल की है। इसमें दि टोंसब्रिज स्कूल के कक्षा दो के छात्र अहान खन्ना को पहली व सन वैली स्कूल की कक्षा तीन की छात्रा आकृति शर्मा को तीसरी रैंक मिली है। वहीं इंटरनेशनल सोशल स्टडीज में कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी हाई स्कूल की कक्षा चार की छात्रा मिश्का चिलकोटी को दूसरी रैंक मिली है। इन छात्रों को दिल्ली में आयोजित समारोह में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपक मिश्रा की मौजूदगी में सर्टिफिकेट के साथ गोल्ड, सिल्वर और ब्रोन्ज़ मैडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसओएफ के संस्थापक एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर महाबीर सिंह ने कहा कि 70 अलग–अलग देशों के 1400 शहरों के 70000 से अधिक स्कूलों ने 22–23 से सात ओलंपियाड परीक्षाओं में लाखो छात्रों ने भाग लिया । साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन सात ओलंपियाड एग्जाम कंडक्ट करता है जिसमें शामिल है – नेशनल साइंस ओलंपियाड, नेशनल साइबर ओलंपियाड, इंटरनेशनल गणितं ओलंपियाड, इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड, इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलिंपियाड, इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड और इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड।

## डीबीएस में धूमधाम से मना कौथिग महोत्सव, जमकर नाचे छात्र

देहरादून। डीबीएस पीजी कालेज में बारिश की फुहारों के बीच मंगलवार को छात्र छात्राओं ने जमकर ठुमके लगाए। मौका था छात्रसंघ महासचिव आशीष कुमार की ओर से आयोजित आर्यन कौथिग महोत्सव का।

दोपहर करीब 12 बजे छात्र छात्राओं के डांस और संगीत प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। इसके बाद धीरे धीरे वहां मौजूद छात्र छात्राओं में जोश बढ़ने लगा और वे पंडाल में ही थिरकने लगे। दोपह दो बजे जब बारिश की बूंदें पड़ने के साथ छात्र छात्राओं का जोश भी बढ़ने लगा। इसके बाद वे वहीं जमकर नाचने लगे।

## सीएम को पत्र भेज गलत तरीके से बन रहे प्रमाण पत्रों की जांच और कार्रवाई की मांग की



ऋषिकेश। प्रमाणपत्रों को लेकर कांग्रेस ने तहसील प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेसियों ने क्षेत्र में गलत तरीके से स्थायी निवास और जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने सीएम को पत्र भेजकर गलत तरीके से बन रहे प्रमाण पत्रों की जांच करवाने और कार्रवाई करने की मांग उठाई। मंगलवार को डोईवाला तहसील में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। उन्होंने एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थी जो उत्तराखंड के स्थायी निवासी नहीं हैं, उनका स्थायी निवास और जाति प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। यह नियम के विरुद्ध है। डोईवाला क्षेत्र में हिमालय हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज होने के कारण सैकड़ों लोगों द्वारा नर्सिंग का कोर्स किया गया है। यहां पर मेडिकल कॉलेज होने के कारण बाहरी राज्यों के सैकड़ों नर्सिंग कर्मचारी कार्यरत हैं। कहा कि उत्तराखंड के स्थायी निवासी न होने के बाद भी कुछ अभ्यर्थियों के पास स्थायी निवास और जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध है। इनका प्रदेश में 15 साल पुराना कोई अभिलेख नहीं है। बाहरी प्रदेशों के बड़े कोचिंग संस्थान ठेकेदारों और माफियाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में उत्तराखंड में नौकरी दिलाने का काम कर रहे हैं। यह बहुत ही गंभीर विषय है।

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, नैनीताल में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग




नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, नैनीताल में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने ग्रुप मुख्यालय नैनीताल के अधिकारियों, कर्मचारियों और कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस दौरान राज्यपाल ने परिसर में लगे रॉक क्लाइंबिंग, शिप मॉडलिंग व शूटिंग से संबंधित उपकरणों के डेमो का अवलोकन किया। शिप मॉडलिंग डेमो के संबंध में ब्रिफिंग कर रही एनसीसी नेवल यूनिट की कैडेट श्रेया बिनवाल से राज्यपाल बेहद प्रभावित हुए और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर राज्यपाल ने सम्मानित होने वाले सभी अधिकारियों व कैडेट्स को शुभकामनाएं दी और कहा कि वे अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि एनसीसी ने पिछले कई दशकों से युवाओं के बीच अनुशासन, समर्पण और देश सेवा की भावना को जीवंत रखा है। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की जिम्मेदारी इन सभी युवाओं पर ही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में एनसीसी उत्कृष्ट कार्य कर रही है और यहां के कैडेट्स का प्रशिक्षण, अनुशासन और जज्बा उच्च स्तर का है जिस पर हम सभी को गर्व है। राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी उत्तराखण्ड द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यों जिसमें स्वच्छ भारत अभियान, पुनीत सागर अभियान, जी–20 पर्यावरण के मुद्दों सहित ट्रैकिंग व खेल के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। राज्यपाल ने अपनी स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि वे स्वयं 1968 में एनसीसी के कैडेट्स रहे हैं। एनसीसी के द्वारा जो प्रशिक्षण और कड़ी मेहनत से कैडेट्स को तैयार किया जाता है वो अपने आप में प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की परेड के अवसर पर उत्तराखण्ड कैडेट्स का प्रतिभाग करना हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल में वाटर स्पोर्ट्स की अच्छी संभावनाएं है। इसको देखते हुए जल्द ही नैनीताल में गवर्नर्स कप सेलिंग रिगाटा प्रतियोगिता शुरू की जाएगी जिसमें एनसीसी का भी सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर एनसीसी उत्तराखण्ड के एडीजी मेजर जनरल पी.एस दहिया, कमांडेड ग्रुप मुख्यालय कोमोडोर बी.आर सिंह, राज्यपाल की धर्म पत्नी गुरमीत कौर सहित एनसीसी के विभिन्न यूनिट के अधिकारीगण और कैडेट्स उपस्थित रहे।

# चाई महोत्सव में लिया गांव बचाने का संकल्प

## सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा मन



चाई ग्रामोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पहाड़ में संस्कृति संरक्षण का अनूठा आयोजन चाई ग्रामोत्सव देव पूजन, विचार गोष्ठी एवं भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर समृद्ध उत्तराखंड राज्य के लिए पर्वतीय क्षेत्र में स्थित गांव एवं ग्रामीण संस्कृति को बचाने की जोरदार वकालत की गई।

त्रिदिवसीय ग्रामोत्सव के अंतिम दिन आयोजित समापन समारोह का मुख्य अतिथि गो सेवा आयोग उत्तराखंड के अध्यक्ष पंडित राजेंद्र अंथवाल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांव में निवास करती है। गांव के समग्र विकास से ही राष्ट्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि गांव प्राथमिक उत्पाद के केंद्र है, इन उत्पादों को बाजार मिलना चाहिए इससे रोजगार बढ़ेगा और पलायन रुकेगा। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विनोद घनसाला ने कहा कि चाई ग्रामोत्सव एक विशिष्ट उत्सव है और ऐसा महोत्सव पहाड़ के हर गांव में आयोजित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी धर्म, संस्कृत, भाषा और परंपरा को हर हाल में बचाना होगा। धाद पत्रिका के संपादक एवं संस्कृति कर्मी गणेश खुगशाल गणी ने कहा कि चाई ग्रामोत्सव एक अनुष्ठान है और केवल गढ़वाल ही नहीं बल्कि कुमाऊं अंचल भी इस कार्यक्रम से पूरी तरह से प्रभावित है। चाई महोत्सव ने पूरे पहाड़ को नई सीख दी है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से नई पीढ़ी को संदेश दिया जा रहा है कि वह अपनी जड़ों से जुडें। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव ने नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का कार्य किया है। यहां बिखरी अद्भुत कला में जीवंत समाज के दर्शन होते हैं और यह अपने आप में महत्वपूर्ण है। उन्होंने चाई ग्रामोत्सव को राष्ट्र एवं संस्कृति को बचाने का अनूठा अभियान बताया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मुन्नालाल मिश्रा, राजेश जोशी, सच्चिदानंद बुडाकोटी, सुशील बुडाकोटी, दिनेश बुडाकोटी अशोक बुडाकोटी, संगीत बुडाकोटी, विकास, संतोष, अमन, अनूप, दीपक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगमोहन बुडाकोटी एवं संचालन डॉ. पदमेश बुडाकोटी ने किया। इससे पूर्व चौदहवें चाई ग्रामोत्सव के अंतिम दिन मंगलवार को कलाकारों ने विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

भारतीय संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने विशेष रूप से सराहा। उत्तराखंड की सांस्कृतिक झांकी ने समारोह में समा बांधा। देव पूजन, हवन, भंडारे और पुरस्कार वितरण के साथ समारोह का समापन हुआ।

# नाटक के माध्यम से राजनीतिक व्यवस्था पर कसे व्यंग्य

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के लोक कला संस्कृति निष्पादन केंद्र में बाल रंग यात्रा के चौथे दिन रेनबो पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं की ओर से जयवर्धन द्वारा लिखित नाटक छोटे मुंह, बड़ी बात नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से राजनीतिक व्यवस्था पर व्यंग्य कसे गए।विवि के चौरास परिसर में आयोजित नाटक के शुरु में सभी कलाकार अपने-अपने कार्यों में व्यस्त होते हैं। इसमें परमार्थ दल तथा स्वार्थ दल के बीच मे लड़ाई को दिखाया गया है। वो किस तरह आम जनता से वोट लेकर फिर अगले चुनावों तक नजर नहीं आते। नाटक का निर्देशन रोहित भार्गव और साहिल शर्मा ने किया। नाटक में आर्यन बहुगुणा ने स्टेज मैनेजर, सलोनी ने सूत्रधार, सृष्टि, वैष्णवी जोशी, संध्या ने मीडिया पर्सन, प्रभाकर और इशिका ने कैमरा कंट्रोल की भूमिका निभाई। इसके अलावा आशु, अंकित, सृष्टि, अदिति, आदर्श, नितिन, वैष्णवी, आयुष, पुष्पेन्द्र, आयुष रावत, नितिन, अंकित, श्रीशांत, आयुष, श्रेया, दीपक, प्रकाश, कार्तिकेय खट्टर और मानस अलग-अलग भूमिका में रहे। (एजेंसी)

# सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरे पूर्व सैनिक

## वेतन व पेंशन विसंगतियों को दूर करने की उठाई मांग



कोटद्वार में आक्रोश रैली निकालते पूर्व सैनिक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : ओआरओपी (वन रैंक वन पेंशन), पे-कमीशन व पेंशन में किए जा रहे भेदभाव को लेकर पूर्व सैनिकों ने कोटद्वार में विशाल रैली निकाल कर अपना विरोध जताया। कहा कि पूर्व सैनिकों की लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक सेना के जवानों के साथ भेदभाव खत्म नहीं होगा।

जंतर-मंतर पर पूर्व सैनिकों और युद्ध विकलांग सैनिकों के धरना प्रदर्शन को सौ दिन पूरे होने पर मंगलवार को पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के बैनर तले कोटद्वार में मानपुर से तहसील तक पूर्व सैनिकों और वीर नारियों ने विशाल रैली निकाली। इस दौरान पूर्व सैनिकों से अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। समिति के अध्यक्ष महेन्द्र पाल सिंह रावत ने कहा कि 20 फरवरी से चल रहे धरना प्रदर्शन को सौ दिन पूरे हो गये हैं, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। जिससे पूर्व सैनिकों और वीर नारियों में केन्द्र सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को पूर्व सैनिकों की मांग हर हाल में माननी होगी। इसके बाद समिति के ओर से ज्ञापन भी प्रेषित किया गया। प्रदर्शन करने वालों में प्रमोद रावत, देवेन्द्र बिष्ट, ठाकुर सिंह, अनुसुया प्रसाद, सुभाष कुकरेती, शूरबीर खेतवाल, गोपाल सिंह नेगी, बलवान सिंह, भारत सिंह, नंदन सिंह, सुरेश सिंह, मदन, रमेश चंद्र खंतवाल, प्रेम सिंह नेगी, देवेन्द्र रावत, विजयश्वरी, उत्तम सिंह, शकुंतला देवी, सुषमा, सरिता देवी आदि शामिल रहे।

# किसानों को सशक्त बनाने पर जोर दिया

**जयन्त प्रतिनिधि**

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग श्रीनगर की पहल एवं विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से नवीकरणीय ऊर्जा के साथ ग्रामीण उद्यमों की बढ़ती उत्पादकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें किसानों को सतत रूप से सशक्त बनाए जाने को लेकर जोर दिया गया। कार्यक्रम में श्रीनगर और आसपास सहित टिहरी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी और चमोली जिलों के 250 से अधिक किसानों ने भाग लिया। गढ़वाल विवि के चौरास स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में धर्मा लाइफ के राजीव रंजन ने उत्तराखंड के किसानों तक पहुंचने और प्रदर्शित सौर उत्पादों में उनकी रुचि को देखने के लिए उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने गुड एनर्जीज फाउंडेशन, डोएन फाउंडेशन, आईकिआ फाउंडेशन और डॉयचे गेसेलशाफ्ट फर इंटरनेशनेल जुसम्मेनारबीट (जीआईजेड) के द्वारा अक्षय ऊर्जा कार्यक्रमों के समर्थन के लिए सराहना की। उन्होंने धर्मा लाइफ के जया कार्यक्रम के बारे में कहा कि यह ग्रामीण स्तर के उद्यमियों और किसानों को अक्षय ऊर्जा उपकरणों के सकारात्मक उपयोग का ऑनलाइन गहन जानकारी प्रदान करता है। ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. आरएस नेगी ने कहा कि धर्मा लाइफ फाउंडेशन नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहा है और विभाग भविष्य में संस्था के साथ पर्वतीय क्षेत्रों में किसानो की आजीविका बढ़ाने के लिए कार्य करेगा। किसान भगवती प्रसाद नौटियाल, सरोज थपलियाल ने कहा कि पहाड़ों में सौर ऊर्जा से चलने वाले उत्पाद बहुत उपयोगी हैं। इनका लाभ अधिक से अधिक किसानों को दिया जाना चाहिए। (एजेंसी)

# माहेश्वरी समाज ने अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## माहेश्वरी समाज ने मनाया माहेश्वरी वंशोत्सपत्ति दिवस



आयोजित कार्यक्रम में अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : माहेश्वरी समाज के 5156वें माहेश्वरी वंशोउत्पत्ति दिवस महेश नवमी के उपलक्ष पर कक्षा 10 व 12 में उत्कृष्ट अंकों से सफलता प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं आकाश, आर्यन, अवनि व आद्या को प्रशस्ति पत्र और पुरुस्कार राशि देकर सरंक्षक डॉ. शैवाल व अध्यक्ष गोविंद लड्ढा द्वारा सम्मानित किया गया।लाल बत्ती चौक स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ माहेश्वरी समाज के सरंक्षक डॉ. वेदप्रकाश माहेश्वरी शैवाल द्वारा भगवान शिव का माल्यापर्ण कर किया गया। इसके बाद अवनि व आद्या माहेश्वरी द्वारा गणेश वंदना व मनिका माहेश्वरी द्वारा शिव पार्वती नृत्य किया गया। वहीं महिला सदस्यों ने महेश वंदना का समूह गायन किया।

कार्यक्रम में समाज के वर्तमान अध्यक्ष गोविंद लड्ढा व सचिव सचिन माहेश्वरी व उपाध्यक्ष मनोज माहेश्वरी को भी सम्मानित किया गया। क्षेत्र व समाज की उन्नति के लिए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राम अवतार माहेश्वरी, अधिवक्ता निशिथ माहेश्वरी ने सेवा, सादगी व उच्च विचार का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार माहेश्वरी व राजदीप माहेश्वरी ने सयुंक्त रूप से किया। इस मौके पर जयपुर से अतिथि शंकरलाल लढ़ा, अन्नपुर्णा देवी लढ़ा, आलोक माहेश्वरी, महेश माहेश्वरी, प्रियंक माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिकों ने ओआरओपी की विसंगतियां दूर करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : पूर्व सैनिक कल्याण संगठन ने वन रैंक वन पेंशन को विसंगतियों को दूर करने की मांग की। मंगलवार को पूर्व सैनिकों ने शहर में रैली निकालकर व डीएम कार्यालय के बाहर सांकेतिक रूप से धरना दिया। पूर्व सैनिकों ने जल्द ही समस्या का निराकरण न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

पूर्व सैनिक दिल्ली में पिछले 100 दिनों से वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे है। मंगलवार को धरने के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में पौड़ी में पूर्व सैनिकों ने रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा ने कहा कि दिल्ली में वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर आंदोलनरित पूर्व सैनिकों को 100 दिन हो गए है, लेकिन केंद्र सरकार पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। जिससे पूर्व सैनिकों में नाराजगी बनी हुई है। कहा कि जल्द ही पूर्व सैनिकों की समस्याएं हल नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर धीर सिंह, राम सिंह, बीपी भटट, रामपाल सिंह, दिनेश चंद्र, विक्रम सिंह रावत, दिनेशचंद्र, दुर्गा प्रसाद, भीम सिंह रावत आदि शामिल रहे।

# ग्राम झटरी में हुई मां भगवती की मूर्ति स्थापित



मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शोभा यात्रा निकालते ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पारिवारिक मिलन समारोह समिति की ओर से ग्राम झटरी में कलश यात्रा के साथ मंदिर में मां भगवती की मूर्ति स्थापित की गई।

आयोजित तीन दिवसीय मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय दिवस पर मंगलवार को माता की डोली को कलश यात्रा के द्वारा मंदिर तक पहुंचाया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ. द्वारिका प्रसाद बलोदी ने बताया कि पूर्व दिवस पर माता की पुरानी मूर्ति को हरिद्वार में मां गंगा में विसर्जित किया गया एवं वहीं से ही नई मूर्ति का क्रय कर ग्राम में लाया गया। तत्पश्चात कलश यात्रा के माध्यम से गांव की महिलाओं द्वारा ढोल एवं दमाऊ के साथ माता की नई मूर्ति को मंदिर परिसर में लाया गया जहां पुजारियों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा पूजन शुरू किया गया। रात्रि में जागरण एवं मन्नाण का कार्यक्रम गांव के देवी मंदिर में होना है। इस अवसर पर मेजर मंसाराम बलोदी, ओमप्रकाश बलोदी, सूबेदार चंद्रमोहन बलोदी, महानंद बलोदी, देवराम बलोदी, सुशील बलोदी, नंदकिशोर बलोदी, ललित बलोदी, रोहित बलोदी, नवीन बलोदी, अनूप बलोदी एवं ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता को आदत का हिस्सा बनाना होगा

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की ओर से 5 जून तक चलने वाले पर्यावरण जागरूकता के लिए चलाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत मंगलवार को चौरास परिसर में स्वच्छता अभियान के साथ पौध रोपण किया गया।

विभाग के अध्यक्ष प्रो. महावीर सिंह नेगी के निर्देशन एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. बीपी नैथानी के नेतृत्व में स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा शोध छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से प्लास्टिक एवं परिसर में फैले हुए कूड़े को एकत्र किया गया। इस अवसर पर प्रो. नेगी ने कहा पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता अभियान केवल एक पखवाड़े तक सीमित नहीं रखा जा सकता। जीवन में इसे हमें निरंतर अपनी आदत का हिस्सा बनाना होगा। मौके पर हरीश लाल, शोध छात्र नेहा, शिल्पी, रिचा, सुनील सिंह, गौरव, देवेंद्र, पवन, अंजू आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# डा. मनोज कुमार को दिया डा. अंबेडकर उत्तराखंड सम्मान



कोटद्वार में डा. मनोज कुमार को विश्वरत्न डा. अंबेडकर उत्तराखंड सम्मान से सम्मानित करते ट्रस्ट के सदस्य।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बेहतर समाज सेवा के लिए आर्य गिरधारीलाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट की ओर से रांची के सहकारी बैंक के प्रबंधक डा. मनोज कुमार को विश्वरत्न डा. अंबेडकर उत्तराखंड सम्मान दिया गया है।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजशास्त्र के प्रोफेसर डा. पीसी जोशी ने की। वक्ताओं ने कहा कि डा. मनोज कुमार बैंकिंग के क्षेत्र में एक बेहतर कार्य कर रहे हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद वह लगातार समाज सेवा से भी जुड़े रहते हैं। गरीब व असहाय बच्चों की पढ़ाई के लिए भी वह योगदान देते रहते हैं। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल आर्य, पीएल खंतवाल सहित अन्य सदस्यों ने डा. मनोज कुमार को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कहा कि समाज को बेहतर मार्ग पर ले जाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस दौरान दिव्यांग व असहाय बच्चों की पढ़ाई में मदद के लिए लक्ष्मी देवी को दर्शन लाल चौधरी स्मृति सम्मान दिया गया। इस दौरान सदस्यों ने एडवोकेट स्व. जगमोहन भारद्वाज, डा. मंगलदेव ध्यानी, दर्शन लाल चौधरी, वीडी उनियाल को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सुरेंद्र लाल आर्य, पीएल खंतवाल, शशि प्रभा रावत, नंदकिशोर ढौंडियाल 'अरुण', चक्रधर शर्मा 'कमलेश', सत्यप्रकाश थपलियाल, अनुराधा नैथानी, डा. संगीता चौधरी, जनार्दन बुडाकोटी, वीरेंद्र देवरानी, धीरजधर बछुवान आदि मौजूद रहे।

# गुजडूगढ़ी मंदिर मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, निकाली शोभायात्रा

**पौड़ी** : ऐतिहासिक व धार्मिक गुजडूगढ़ी मंदिर शोभायात्रा, पूजा-अर्चना, भजन कीर्तन के बाद विशाल भंडारे के साथ का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों व नौजवानों ने भाग लिया। जबकि 11 बजे शोभायात्रा गुजडूगढ़ी मंदिर में पहुंचने पर पूजा-अर्चना व भजन कीर्तन आयोजित किए गए। इसके बाद वापस किनगोड़ीखाल पहुंचने पर मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

गढ़जन शक्ति संगठन द्वारा स्थानीय ग्रामीणों व प्रवासी लोगों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में लैंसडौन विधायक दिलीप रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। 9 बजे किनगोड़ीखाल से गुजडूगढ़ी मंदिर के लिए शोभायात्रा निकाली गई। जिसे पूर्व कमिश्नर वीएन शर्मा, संगठन के अध्यक्ष हरिमोहन सिंह रावत, सलाहकार जगमोहन सिंह जिज्ञासु ने रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लैंसडौन विधायक दिलीप रावत ने शिरकत की। उन्होंने इस यात्रा के ऐतिहासिक बताते हुए उसके महत्व पर रोशनी डाली। कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से क्षेत्र में आपसी सौहार्द की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व कमिश्नर वीएन शर्मा, ब्लाक प्रमुख प्रशांत कुमार, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, समाजसेवी सत्यपाल सिंह रावत, सुनील चौहान, मनीष सुंद्रियाल, जंगबहादुर नेगी, किरन नौगाईं, गोविंद सिंह रावत, राज वोहरा, दर्शन सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में गुजडू, खाटली, सल्ट क्षेत्र से स्थानीय व प्रवासी मौजूद रहे।

# ऊंची कूद प्रतियोगिता में धर्मेंद्र रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकीनगर में आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में धर्मेंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने किया।

इस दौरान आयोजित बालक वर्ग सौ मीटर दौड़ में आयुष रावत, धर्मेंद्र व आयुष गुसाईं और दो सौ मीटर में धर्मेंद्र, आयुष रावत व सागर नेगी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। ऊंची कूद प्रतियोगिता के बालक वर्ग में धर्मेंद्र प्रथम, हिमांशु द्वितीय और अभिषेक व आयुष रावत संयुक्त रूप से तृतीय रहे। बालिका वर्ग में आदिति ध्यानी, रिया व कंचन प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। सौ मीटर बालिका वर्ग दौड़ में अदिति ध्यानी, कनक व सृष्टि कुकरेती और दो सौ मीटर दौड़ में सृष्टि कुकरेती, प्रियांशु व अमृता ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो बालक वर्ग में कक्षा दस व बालिका वर्ग में कक्षा 11 की टीम विजयी रही। कबड्डी के बालक व बालिका वर्ग में कक्षा दस की टीम विजयी रही। इस मौके पर रोहित बलोदी, राहुल भाटिया, अनिल भटनागर, मोहन सिंह गुसाईं, शिवराम बडोला, सोनू प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ 4 जून से

**पौड़ी** : श्री डांडा नागराजा धर्मक्षेत्र विकास समिति व डांडा नागराजा मंदिर विकास समिति के तत्वावधान में 4 से 10 जून तक मंदिर परिसर में श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीणों को सम्मानित किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष सुभाषचंद्र देशवाल ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ में सीएम पुष्कर सिंह धामी को भी आमंत्रित किया गया है। बताया कि श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ में अपने पैतृक आवास, संपति का जीर्णोद्धार कर गांव की आर्थिक सामाजिक, सांस्कृतिक विरासत को बढ़ाने का प्रयास करने वाले ग्रामीणों को सीएम द्वारा सम्मानित करने का भी प्रस्ताव है। बताया कि कथा व्यास स्वामी रसिक महाराज कथा वाचन करेंगे। कथा के दौरान नवनिर्मित सभी सुविधाओं से युक्त 10 कमरों की धर्मशाला के उदघाटन के लिए सीएम को आमंत्रित किया गया है। इस उदघाटन में सांसद तीरथ सिंह रावत, राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी, विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी को भी आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही लोक संस्कृति को देश के कोने कोने तक पहुंचाने वाले लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी, मुकेश कठैत व क्षेत्र के बेतहरीन फुटबाल खिलाड़ी आयुश देशवाल को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मेद्यावी, प्रतिभाशाली व अनुशासित 51 छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर सचिव राजेंद्र प्रसाद बिलल्वाण, संयोजक बीरेंद्र प्रसाद भटट, उपाध्यक्ष उपेंद्र भटट, सदस्य विजय सिंह रावत, प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष विजयदर्शन बिष्ट आदि शामिल थे।

# कर्नाटक खोला की रामलीला में अभिनय करने वाली हर्षिता की फिल्म सोनी लिव पर रिलीज होने पर कमेटी ने किया हर्ष व्यक्त

अल्मोड़ा। श्री रामलीला कमेटी कर्नाटक खोला की रामलीला में विगत कई वर्षों से अनेक चरित्रों का जीवंत अभिनय करने वाली हर्षिता तिवारी की फिल्म फायर इन द माउंटेन आज सोनी लिव में रिलीज हो गई है। जिस पर श्री रामलीला कमेटी कर्नाटक खोला के संस्थापक/संयोजक बिट्टू कर्नाटक सहित समस्त पदाधिकारियों एवं सांस्कृतिक प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर श्री कर्नाटक ने कहा कि नगर के सरकार की आली निवासी हर्षिता तिवारी के फिल्म में किए गए शानदार अभिनय को काफी सराहा जा रहा है। हर्षिता ने चर्चित फिल्म फायर इन द माउंटेन में बेहद गंभीर रोल अदा किया है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म को 19 वें लास एंजिल्स महोत्सव में ऑडियंस अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है, साथ ही फिल्म को कुल 12 अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस फिल्म को पहाड़ की पृष्ठभूमि में बनाया गया है। हर्षिता ने फिल्म में एक ऐसी लड़की का अभिनय किया है जो पारंपरिक झाड़–फूंक आदि से मुक्त होकर





समाज को शिक्षा की ओर लाना चाहती है और अपने दिव्यांग भाई की पढ़ाई में भी मदद करती है। यह फिल्म वर्ष 2021 में बनकर तैयार हुई थी। अजीत पाल सिंह द्वारा निर्देशित यह फिल्म 82 मिनट की है। जिसमें हर्षिता तिवारी ने शानदार अभिनय किया है। इस फिल्म की शूटिंग मुनस्यारी में हुई है।

मां के संघर्ष पर आधारित यह फिल्म बेहद मार्मिक है। श्री कर्नाटक ने कहा कि हमारे अल्मोड़ा के लिए बेहद गर्व की बात है कि आज हमारे बीच की कलाकार की फिल्म इतने बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है। उन्होंने कहा कि हर्षिता की इस सफलता पर श्री रामलीला कमेटी कर्नाटकखोला उन्हें शुभकामनाएं देती है तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी कर्नाटक खोला के अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद कर्नाटक, करन कर्नाटक, सीमा कर्नाटक, कमलेश कर्नाटक, रजनीश कर्नाटक, हेम जोशी, रश्मि कांडपाल, डा. विद्या कर्नाटक, मीना भट्ट, पारो उप्रेती, सीमा रौतेला, आशा मेहता, कविता पांडे, कंचन पांडे, सुनीता बगड़वाल, रेखा जोशी, सुनीता पालीवाल, वंदना जोशी पूजा बगड़वाल सहित दर्जनों कला प्रेमी उपस्थित रहे।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी युवक को मेहंदीपुर राजस्थान से गिरफ्तार कर नाबालिग बालिका को किया बरामद

अल्मोड़ा। बीती 25 मई को एक महिला द्वारा अपनी नाबालिग पोती के स्कूल से घर वापस नहीं आने के सम्बन्ध में थाना भतरौंजखान में तहरीर दी गयी। तहरीर पर थाना भतरौंजखान में तत्काल एफआईआर दर्ज की गयी। रामचंद्र राजगुरु, एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा नाबालिग बालिका की गुमशुदगी के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना भतरौंजखान को बालिका की तलाश कर शीघ्र बरामद करने के निर्देश दिए गये।सीओ रानीखेत टी. आर. वर्मा व सीओ ऑपरेशन ओशिन जोशी के पर्यवेक्षण/निर्देशन में नाबालिग बालिका की तलाश हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना भतरौंजखान हेम चन्द्र पंत द्वारा पुलिस टीम का गठन कर टीम को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए बालिका की तलाश हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालिका की तलाश हेतु ठोस जांच पड़ताल कर साईबर सेल अल्मोड़ा की सहायता से अथक प्रयासों के उपरांत 29 मई को



गुमशदा नाबालिग बालिका को जितेन्द्र लाम्बा( 25 वर्ष) निवासी चरखी दादरी, भिवानी, हरियाणा के कब्जे से मेहन्दीपुर, राजस्थान से बरामद किया गया। नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने पर अभियुक्त जितेन्द्र लाम्बा को गिरफ्तार कर पंजीकृत अभियोग में भादवि व पोक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं की बढ़ोतरी कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई है।

### केंद्र की भांति हो पेंशन में वृद्धि

बागेश्वर। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन ने प्रांतीय सम्मेलन को लेकर मंथन किया। जिले से अधिकाधिक भागीदारी का निर्णय लिया गया। राज्य सरकार से केंद्र की भांति पेंशन वृद्धि करने की मांग की। मंगलवार को स्थानीय होटल पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. प्रताप सिंह गड़िया ने की। पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा हुई। जिसके समाधान के लिए सरकार पर दवाब बनाने का निर्णय लिया गया। कहा कि तीन जून को हरिद्वार में प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। सम्मेलन में भाग लेने वालों की सूची प्रांतीय अध्यक्ष को भेजी जाएगी। पेंशनरों को अन्य राज्यों की भांति मेडिकल एलाउंस प्रतिमाह स्वीकृत किया जाए। बिना सहमति के गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिसमें उनकी पेंशन से अंशदान काटा जा रहा हे। उसे ब्याज सहित लौटाया जाए। उन्होंने सेवानिवृत्त होने पर नियुक्ति की सेवा को भी जोड़ने को कहा। राष्ट्रीय त्योहारों पर बोनस देने की मांग की।

## कांग्रेस सेवादल प्रदेशाध्यक्ष का भव्य स्वागत

बागेश्वर। कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित का भव्य स्वागत किया गया। लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन हुआ। जिले में सेवादल के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। मंगलवार को स्थानीय पैलेस सभागार पर कांग्रेस सेवा दल की बैठक आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष पुरोहित ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रहना है। सेवादल का जिले में विस्तार किया जाएगा।



प्रत्येक वर्ग से लोगों को सेवादल में जोड़ा जाएगा। कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए सभी को एकजुट रहना है। उन्होंने राय सुमारी भी की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने बैठक की अध्यक्षता की। कहा कि आगामी चुनावों के लिए पदाधिकारी, कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ एकजुट होंगे। पार्टी की मजबूती पर बल दिया। सेवादल के जिलाध्यक्ष किशन कठायत ने बैठक का संचालन किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा उपचुनाव होना है। जिसको लेकर पार्टी कार्यकर्ता तैयार हैं। लोकसभा चुनाव की तैयारियां भी कर ली गईं है। निकाय चुनाव में भी पार्टी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। इस दौरान ललित बिष्ट, दरपान राम, प्रमोद जोशी, तेज राम, किशन गिरी, कुंदन गिरी, गौरव परिहार, अर्जुन भट्ट, गोपा धपोला, लक्ष्मी धर्मशक्तू, संजय जोशी, दर्शन जोशी, रुद्रा पांडे आदि उपस्थित थे।

## दिसंबर तक हर हाल में पूरा करें काठगोदाम–रुद्रपुर हाईवे का कामः कमिश्नर

हल्द्वानी। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि काठगोदाम–रुद्रपुर हाईवे का कार्य हर हाल में दिसंबर तक पूरा किया जाए। सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता पर खास ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। कैंप कार्यालय हल्द्वानी में एनएच और एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि कैंची से क्वारब सड़क मार्ग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जल्द ही मार्ग को आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि रुद्रपुर–काठगोदाम नेशनल हाईवे का कार्य काफी समय से धीमी गति से चल रहा था। जिसके चलते सदभावना इंजीनियरिंग लिमिटेड कम्पनी को हटाकर यह कार्य गाबर कंस्ट्रक्शन को सौंपा गया है। कम्पनी ने कार्य प्रारम्भ कर दिया है। दिसम्बर 2023 तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। रुद्रपुर बाईपास में किसानों की भूमि का अधिग्रहण होने के कारण कार्य लम्बित है। जल्द ही किसानों को मुआवजा देने के बाद कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा। अधीक्षण अभियंता एनएच अरुण कुमार पांडे ने बताया कि रामनगर–मोहान मोटर मार्ग पर दो पुल का निर्माण होना है। जिस पर कार्यवाही गतिमान है। काशीपुर–रामनगर फोरलेन पर कार्य प्रगति पर है। काकड़ीघाट–क्वारब मोटर मार्ग बन चुका है। दो ब्रिज पर कार्य गतिमान है।

### वनाग्नि कंट्रोल रूम 24 घंटे खोलने के निर्देशः डीएम

बागेश्वर। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि गर्मी का सीजन चल रहा है। ऐसे कें जंगलों में आग की घटना बढ़ती हैं। वन विभाग वनाग्नि कंट्रोल रूम 24 घंटे खुला रखें।

आग लगने की सूचना मिलने पर टीम को रवाना करें। इसमें लापरवाही कतई सहन नहीं होगी। अपने कार्यालय में आयोजित बैठक में उन्होंने यह निर्देश दिए। अधिकारी सक्रीयता से कार्य करते हुए समन्वय बनाकर वनाग्नि नियंत्रण एवं रोकथाम करना सुनिश्चित करें।

## पनिउडियार लिंक मार्ग का शीघ्र सुधारीकरण न होने पर भाजपा नगर अध्यक्ष साह ने दी आंदोलन की चेतावनी

अल्मोड़ा। आज प्रेस को जारी एक बयान में भाजपा नगर अध्यक्ष एवम लक्ष्मेश्वर वार्ड के सभासद अमित शाह मोनू ने कहा कि नगरपालिका के लक्ष्मेश्वर वार्ड अंतर्गत जाखन देवी से रानीधारा रोड को जाने वाले पनिउडियार लिंक मार्ग में सीवर का कार्य होने के बाद खोदी गई नाली को अभी तक नहीं बनाया गया है, जिस कारण कल हुई भयंकर बरसात में खोदी गई नाली से पानी मलबा व कीचड़ लोगों के घरों में घुस गया।



जिससे स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है। अमित साह मोनू ने कहा कि एक माह पूर्व पेयजल निगम द्वारा नगर पालिका को बीस लाख रुपए रास्ते की मरम्मत के लिए दे दिए गए थे लेकिन अभी तक इसका कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## गोवा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन नैनीताल में हुआ कार्यक्रम आयोजित





नैनीताल। मंगलवार को राजभवन, नैनीताल में गोवा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखण्ड में रह रहे गोवा प्रदेश के निवासियों ने प्रतिभाग किया। राजभवन देहरादून से भी गोवा प्रदेश के निवासियों ने इस कार्यक्रम में वर्चुअली प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रतिभाग करते हुए उपस्थित गोवा के निवासियों सहित पूरे प्रदेश को स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गोवा अपने अद्वितीय समुद्र तटों, प्राकृतिक दृश्यों और सांस्कृतिक विविधता को संजोए हुए है। क्षेत्रफल में भारत का सबसे छोटा राज्य होने के बावजूद यह राज्य पर्यटकों के लिए बेहद आकर्षण का केंद्र है। गोवा साहसिक जल खेलों और अपने जीवन्त त्यौहारों के लिए भी प्रसिद्ध है। यह राज्य बहु धार्मिक संस्कृति को भी दर्शाता है। यहां का पारंपरिक संगीत, नृत्य और त्यौहार, संस्कृति के बेहद महत्वपूर्ण पहलू हैं। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन के विभिन्न आयामों में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखण्ड और गोवा राज्य के बीच एमओयू हुआ है। यह पर्यटन के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा की केंद्र द्वारा सभी राज्यों के स्थापना दिवस को, प्रत्येक राज्य में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है जो कि बहुत सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारत की विविधता को एकता के रूप में दर्शाते हैं साथ में हम सब को एक परिवार के रूप में जोड़ने का कार्य करते है। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन ने राजभवन, देहरादून से वर्चुअली प्रतिभाग करते हुए उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल की धर्मपत्नी गुरमीत कौर सहित गोवा प्रदेश के निवासी और राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पत्रकारिता दिवस पर अल्मोड़ा में हुआ गोष्ठी का आयोजन

अल्मोड़ा। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर अल्मोड़ा में पी. सी. तिवारी की अध्यक्षता में वर्तमान समय में पत्रकारिता की चुनौती पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कई पत्रकारों ने अपने विचार रखे और कहा कि समाज को दिशा देने का काम पत्रकारिता करती है। समाज को आईना दिखाने का काम पत्रकार करता है।



आज के दौरा में पत्रकारिता एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन चुका है। जहॉ माफिया विभिन्न प्रकार से पत्रकारों पर दवाब डालता है वहीं आंतकवाद, नक्सलवाद के बीच में पत्रकारिता करना भी चुनौतीपूर्ण कार्य है। बैठक के अन्त में दैनिक जनमोर्चा के प्रधान सम्पादक रहे वरिष्ठ पत्रकार शीतला सिंह जो प्रेस काउन्सिल आफ इण्डिया तथा आई०एफ०डब्लू०जे० के भी अध्यक्ष रहे एवं युवा पत्रकार उमेश पंत के निधन पर दो मिनट का शोक कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक का संचालन राजेन्द्र रावत ने किया। बैठक में किशन जोशी, हरीश भण्डारी, निर्मल उप्रेती, विनोद जोशी, राजीव कर्नाटक, दीपांशु पाण्डे, सुरेश तिवारी, नसीम अहमद, अशोक पाण्डे, दिनेश भट्ट, संतोष बिष्ट, दयाकृष्ण काण्डपाल, एम. डी. खान आदि उपस्थित रहे।

### चोरी की तीन बाइकों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी। मुखानी थाना अंतर्गत आम्रपाली चौकी पुलिस ने बाइक चोरी गैंग चलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नंबर प्लेट बदलकर चोरी की बाइक को शहर में ही इस्तेमाल करते थे। आरोपियों को न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक बीते दिनों अमन कुमार कुलश्रेष्ठ की बाइक आम्रपाली कॉलेज की पार्किंग से चोरी हो गई थी। तहरीर मिलने के बाद एसएसपी पंकज भट्ट के निर्देश पर एसओ रमेश बोहरा के नेतृत्व में टीम का गठन कर 100 सीसीटीवी की जांच की गई। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी हिमांशु सिंह दानू निवासी पीपल पोखरा फतेहपुर और प्रदीप सागर उर्फ अमन निवासी नाथूपुर पाडली लामाचौड़ को चोरी की तीन बाइकों के साथ दबोच लिया।

## युवाओं को रोजगार देने में सरकारें नाकाम : यूथ कांग्रेस

हल्द्वानी। उत्तराखंड यूथ कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी अभव्या चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें युवाओं को रोजगार देने में असफल साबित हुई हैं।

बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन दोनों सरकारों ने रोजगार के अवसर प्रदान नहीं किए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से महिलाओं और युवाओं को पार्टी से जोड़ने की अपील की।

इससे पहले रामनगर पहुंचने पर उनका युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया। मंगलवार को रानीखेत रोड स्थित एक होटल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अभव्या ने कहा कि उत्तराखंड में जिस तरह सरकार अतिक्रमण के नाम पर गरीबों को बेदखल करने का काम कर रही है यह जनता का उत्पीड़न है।

सरकार को पहले उनके पुनर्वास की योजना बनानी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से युवाओं के साथ मिलकर पेपर लीक जैसे मुद्दों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा



कि दिल्ली में पहलवानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ने की जरूरत है। इस दौरान पालिकाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अमित कुमार, विकास कुमार, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अब्दुल रहमान, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एडवोकेट फैजुल हक, केवल सिंह, बलजिंदर सिंह, आसिफ सिद्दीकी, दीपक राणा, बुसरा अंसारी, करण पांडेय, चेतन पंत, समीर हसनी, दीपक रावत, हर्षित उप्रेती, प्रमोद कुमार, दीपक टम्टा, तहसीन राजा आदि मौजूद रहे।

# सीएम ने किया 60.90 लाख की लागत से बनने वाले विश्राम गृह के निर्माण कार्य का शिलान्यास



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को घण्टाकर्ण मंदिर गजा, टिहरी गढ़वाल पहुंचकर घण्टाकर्ण देवता के दर्शन एवं विधिवत् पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही समस्त देश एवं प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत लागत 60.90 लाख के विश्राम गृह निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डोगी से घण्टाकर्ण को सड़क से जोड़ने हेतु योजना बनायी जायेगी तथा घण्टाकर्ण मोटर मार्ग का डामरीकरण किया जायेगा। इसके साथ ही खांकर-खत्याड मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य, (लम्बाई 5 किमी.), दावडा-अंगरियाना मोटर मार्ग नवनिर्माण कार्य (लम्बाई 2 किमी.), कोल कोडारना मोटर मार्ग का डामरीकरण (लम्बाई 1.25 किमी.), पुर्वाला-ससमण मोटर मार्ग का कौडियाला तक विस्तार, नैचोली में एएनएम सेन्टर, शिवपुरी में पार्किंग का निर्माण, कुंजापुरी-बड़कोट मोटर मार्ग का डामरीकरण (लम्बाई 1.25 किमी.) को योजनाओं में सम्मिलित किया जायेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 11वां श्री घंटाकर्ण महायज्ञ एवं धार्मिक सांस्कृतिक मेले में प्रतिभाग कर मातृशक्ति को नमन करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि घंटाकर्ण देवता की पवित्र भूमि पर दूसरी बार पहुंचने का मौका मिला है। कहा कि केदारखंड के 148वें अध्याय में इसकी पौराणिकता का वर्णन मिलता है। कहा कि सड़क से जुड़ने के बाद यह विश्व के प्रसिद्ध धामों में से एक धाम बनेगा। कहा कि आज सनातन संस्कृति का परचम चारों ओर लहरा रहा है। आयोध्या में भव्य राम मंदिर का पुर्नोत्थान निर्माण कार्य हो रहा है। कहा कि गत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विदेशी धरती पर जिस तरह से सम्मान हुआ है, इससे हर भारतवासी गौरवान्वित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत गरीब परिवारों को एक वर्ष में तीन गैस सिलेंडर मुफ्त में देने का कार्य धरातल पर उतारने में उत्तराखण्ड देश का पंहला राज्य है। मातृशक्ति को सभी सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण दिये जाने का प्रावधान किया गया है। समान नागरिक संहिता कानून का ड्राफ्ट को पूरा करने का कार्य लगभग कर दिया है, ड्राफ्ट बनने के बाद इसे लागू किया जायेगा, जो पूरे हिंदुस्तान के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगा। नई शिक्षा नीति लागू कर दी और खेल नीति भी बनाई गई है। नकल विरोधी कानून बनाया गया है। मानसखंड कॉरिडोर प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है, जिसके तहत कुमांउ के प्रमुख मंदिरों को बेहतर सड़कों से कनेक्ट किया जायेगा। कहा कि राज्य सरकार ने एक वर्ष के कालखण्ड कई पड़ाव पूरे किये हैं, जिसके तहत प्रदेश की समस्या और चुनौतियों का हल और समाधान करने का काम किया है। कहा कि सरकार का लक्ष्य स्पष्ट और नियत साफ है। प्रदेश और जनता का हित सर्वोपरि है, किसी वर्ग का अहित न हो इसका संकल्प लिया है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गजा मीना खाती, पूर्व विधायक उत्तरकाशी विजय पाल सजवाण, अध्यक्ष मंडी समिति वीर सिंह रावत, अध्यक्ष मंदिर समिति अशोक बिजल्वाण, सीडीओ मनीष कुमार, एएसपी वीडी डोभाल, एसडीएम देवेन्द्र नेगी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रहे।

### भारत–चीन सीमा पर स्थाई पुल बनाने की मांग की

चमोली : भारत–चीन सीमा क्षेत्र को जोड़ने वाला एकमात्र जोशीमठ–मलारी–नीती हाईवे पर बुरांस के पास टूटा वैली ब्रिज नहीं बनने से क्षेत्रवासियों को तमाम तरह की परेशानियां हो रही है। सीमांत क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांव के लोग आवाजाही नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि बीआरओ के द्वारा गिर्थी नदी में आजावाही के लिए अस्थाई व्यवस्था की गई थी। लेकिन नदी का जल स्तर बढ़ने के बाद से आवाजाही बंद पड़ी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सीमा क्षेत्र के गांवों में विकास की योजनाओं के लिए बाइड्रेंट विलेज (जीवन्त गांवों) को सूची बद्ध किया है। इन बाइड्रेंट गांवों में मलारी भी है। जहां तक पहुंचने वाला गिर्थी पुल टूटा पड़ा हुआ है।

# खैरालिंग मेला 6 और 7 को, तैयारियां जोरों पर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गढ़वाल मंडल के प्रसिद्ध खैरालिंग मेले का आयोजन 6 व 7 जून को होगा। महादेव मंदिर में पहले जात के दिन थैर-रिठोली व मिरचोडा के ग्रामीणों द्वारा परंपरागत मण्डाण के साथ ध्वजाएं चढ़ाई जाएंगी। इस बार भी मेला परिसर में निरीह पशुओं की बलि नहीं दी जाएगी। यहां पर साल 2006 से पशुबलि बंद कर दी गई है। इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटते है।

प्रसिद्ध खैरालिंग मेले के भव्य तैयारियों को लेकर जय खैरालिंग महादेव मंदिर समिति की बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गई। मंगलवार को समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह नेगी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मेले की व्यवस्थाओं को लेकर विधायक, डीएम, सीएमओ, एसडीएम, एसएसपी व अन्य अधिकारियों से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि विधायक द्वारा तात्कालिक रूप से मंदिर के सौंदर्यीकरण को लेकर 10 लाख रुपए की स्वीकृति दी है।

साथ ही मेला परिसर तक सड़क मार्ग के डामरीकरण के लिए अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा पौड़ी को प्रागणन तैयार करने के निर्देश दिए। विधायक द्वारा क्षेत्रीय सड़कों भट्टी गांव, नगर, चिलोली-किमोली-फल्दा, दलमोटा-सिलेथ मोटर मार्गों के सुधारीकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। समिति ने डीएम कार्यालय को दिए ज्ञापन में समिति ने पूर्व वर्षों की भांति मेले में सुरक्षा व्यवस्था करवाने के साथ ही स्वास्थ्य स्वच्छता व पेयजल व्यवस्था की मांग की है। इस मौके पर मंदिर समिति के सचिव विवेक नेगी, लक्ष्मण डुकलान, अरूण खर्कवाल, त्रिभुवन उनियाल आदि शामिल रहे।

# सरकार कानून और संविधान के अनुसार चलें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विभिन्न संगठनों ने तिलाड़ी आंदोलन की बरसी पर रवांई घाटी के आंदोलन में मारे गए लोगों को हेमवती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर उत्तराखंड में जनता के हकों को सुनिश्चित करने, सरकार कानून और संविधान के अनुसार चलने की मांग की गई।

मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा में सीटू के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि रंवाई घाटी जो कि वर्तमान में टिहरी जिले के बड़कोट तहसील में आती है का आंदोलन तिलाड़ी आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है। जहां स्वतंत्रता से पूर्व टिहरी राज्य के राजा नरेंद्र शाह द्वारा 1927-28 के समय में टिहरी रियासत में वन कानून बनाया गया। जिसमें ग्रामीणों के हितों को सिरे से अनदेखा कर दिया गया। जिसके तहत ग्रामीणों के आवागमन के रास्ते, उनके खेत व पशुओं को चराने के लिए जंगल आदि सभी वन कानून के अंतर्गत कर दिए गए।

कृषि पर निर्भर ग्रामीण कानून के खिलाफ रवांई में एकजुट हो गए। उन्होंने आजाद पंचायत की घोषणा कर रियासत के खिलाफ विद्रोह शुरू कर दिया। पास के सभी लोग अपनी मांग को लेकर तिलाड़ी मैदान में जुटे। जहां 30 मई 1930 को रियासत के दीवान चक्रधर जुयाल के आदेश पर राज्य की सेना ने सभी आंदोलनकारियों पर गोलियां चला दी। जिससे मौके पर कई किसान शहीद हो गए और कई घायल भी हुए।

बताया कि पूरा प्रकरण रवांई कांड या तिलाड़ी विद्रोह के नाम से जाना जाता है।

# पत्रकारों के लिए ठोस योजना बनाई जाए

श्रीनगर गढ़वाल : हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर श्रीनगर प्रेस क्लब की ओर से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बदलते परिवेश में पत्रकारों को सरकार की ओर से स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने जाने को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सरकार को पत्रकारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए उनके लिए ठोस योजना बनानी चाहिए।

गोष्ठी में उप जिला अस्पताल श्रीनगर के वरिष्ठ सर्जन डॉ. लोकेश सलूजा, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. रचित गर्ग व समाजिक कार्यकर्ता राकेश बिजल्वाण ने कहा कि भागदौड़ की दिनचर्या में पत्रकारों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होगा। कहा मान्यता प्राप्त पत्रकारों के साथ-साथ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं, डिजिटल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काम कर रहे छोटे-बड़े पत्रकारों का पंजीकरण करवाकर सरकार को पत्रकारों के स्वास्थ्य की जबाबदेही तय करनी होगी। पत्रकार कल्याण कोष में इजाफा करते हुए पत्रकारों के लिए हेल्थ कार्ड जारी हो। उन्होंने कहा कि गोल्डन कार्ड की तरह पत्रकारों का भी अलग से एक स्वास्थ्य कार्ड बनें। मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष डा. श्रीकृष्ण उनियाल, वरिष्ठ पत्रकार संदीप थपलियाल, सत्य प्रसाद मैठाणी, पंकज मैंदोली, विनय भट्ट, मनमोहन सिंधवाल, मनोज उनियाल, कमल पिमोली, तनुज बडोनी, कार्तिकेय बहुगुणा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर पुलिस ने 5 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया। एसएस–ाआई संतोष पैथवाल व आरक्षी शेखर चौहान ने न्यायालय के द्वारा जारी वाद में वारंटी कुलदीप को गोला बाजार श्रीनगर से गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की।

(एजेंसी)

## अखंड महायज्ञ आज से

श्रीनगर गढ़वाल : देवलगढ़ स्थित सिद्धपीठ राजराजेश्वरी मंदिर में आज 31 मई से पांच दिवसीय अखंड महायज्ञ का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम संयोजक अनूप थपलियाल, राजराजेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी कुंजिका प्रसाद उनियाल ने बताया कि 31 मई से 4 जून तक पांच दिवसीय अखंड महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। उन्होने बताया कि पांच दिनों तक तक चलने वाला यह महायज्ञ निरंतर दिन–रात संचालित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में महायज्ञ में पहुंचकर आशीर्वाद ग्रहण करने की अपील की है। (एजेंसी)

# शिविर में 64 लोगों ने कराई जांच

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस चिकित्सालय में मेडिट्रिना अस्पताल देहरादून की ओर से निःशुल्क हृदय जांच शिविर लगाया गया।

जिसमें स्थानीय एवं दूरदराज से आए 64 मरीजों ने अपनी हृदय संबंधी एवं वेरीकोज वैंस की जांच करवाकर परामर्श लिया। शिविर में 27 मरीजों का इको तथा 32 लोगों की ईसीजी निःशुल्क रूप से कराई गई। बेस चिकित्सालय में निःशुल्क हृदय जांच शिविर का उद्घाटन भाजपा जिला महामंत्री गिरीश पैन्यूली, उपाध्यक्ष जितेन्द्र रावत, भाजपा श्रीनगर मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र धिरवाण, खिर्सू अध्यक्ष रमेश मद्रवाल, मेडिकल कॉलेज विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र बिष्ट, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, महामंत्री संजय गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा सेवाओं में लगातार इजाफा हो रहा है, जिसका श्रेय प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को जाता है। जिनकी वजह से आज गढ़वाल क्षेत्र के इस मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की तैनाती, चिकित्सा उपकरण सहित तमाम चिकित्सकीय सुविधाएं लोगों की उपलब्ध हो रही है। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत एवं एमएस डॉ. रविन्द्र बिष्ट ने चिकित्सा शिविर के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे सभी अतिथियों के साथ ही चिकित्सा शिविर में पहुंची डॉक्टरों की टीम का स्वागत एवं आभार प्रकट किया। (एजेंसी)

## फूलों की खेती से आत्मनिर्भर हो रहे किसान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : सजावट के लिए सर्वाधिक डिमांड वाला लीलियम पुष्प का उत्पादन सीमांत जनपद चमोली में भी शुरू हो गया है। फूलों की खेती को बढ़ावा देने और कम समय में किसानों की आय बढ़ाने के लिए उद्यान विभाग द्वारा कुछ महीने पहले लीलियम बल्ब रोपित किए गए थे। जिनसे अब उत्पादन शुरू हो गया है।

उद्यान विभाग द्वारा किसानों को फूलों की पैकेजिंग सामग्री के साथ ही विपणन के लिए उचित मार्केट की व्यवस्था भी की गई है।







सम्पादकीय

# मायावती के सांसदों की चिंता

बहुजन समाज पार्टी के सांसद चिंता में हैं। जैसे जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे उनकी चिंता बढ़ रही है। मायावती इस जिद पर अड़ी हैं कि वे अकेले चुनाव लड़ेंगी। उनके अकेले चुनाव लडने़ पर क्या होगा, इसका अंदाजा उनके सभी सांसदों को है। उन्होंने 2014 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ा था और उनकी पार्टी का एक भी सांसद नहीं जीता था, जबकि वोट 20 फीसदी के करीब मिले थे। अगले चुनाव में यानी 2019 में उन्होंने समाजवादी पार्टी से तालमेल किया तो उनके 10 सांसद जीत गए। समाजवादी पार्टी पांच की पांच सीटों पर रह गई, लेकिन मायावती के सांसदों की संख्या जीरो से 20 हो गई। सोचें, 2014 में मायावती को उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर हुए सिर्फ दो साल हुए थे और उनका वोट पूरी तरह से उनके साथ था तब त्रिकोणात्मक मुकाबले में उनको एक भी सीट नहीं मिली थी। उनको राज्य की सत्ता से बाहर हुए 11 साल हो गए हैं और उनका वोट धीरे धीरे उनका साथ छोड़ता गया है, जो पिछले विधानसभा चुनाव में दिखा। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में उनको सिर्फ 12.88 फीसदी वोट मिला और पार्टी सिर्फ एक सीट जीत पाई। ऐसे समय में अगर वे लोकसभा का चुनाव अकेले लडने़ जाती हैं तो सबको पता है कि नतीजे 2014 से भी खराब होंगे। सीटें तो नहीं मिलेंगी वोट भी 10 फीसदी से नीचे जा सकता है। तभी उनकी पार्टी के सांसद बेचैन हैं। वे चाहते हैं कि मायावती विपक्षी पार्टियों के गठबंधन का हिस्सा बन कर चुनाव लड़ें। अगर वे ऐसा नहीं करती हैं तो ज्यादातर सांसद पाला बदलने को तैयार बैठे हैं। अमरोहा से पार्टी के सांसद कुंवर दानिश अली ने मायावती से गठबंधन में शामिल होने की अपील की है। उनको पता है कि पिछली बार समाजवादी से तालमेल होने की वजह से ही वे जीते थे और अगर मायावती अकेले लड़ीं तो वे नहीं जीत सकते हैं।

उनसे पहले बसपा के एक सांसद रितेश पांडेय ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। उनके सपा में जाने की चर्चा है। यह बसपा के सिर्फ दो सांसदों की कहानी नहीं है। पिछली बार बसपा की टिकट से लोकसभा का चुनाव लड़े पूर्व सांसद कुशल तिवारी पार्टी छोड़ कर सपा में जा चुके हैं। अभी कई सांसद, कई पूर्व सांसद और बसपा की टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ चुके कई नेता दूसरी पार्टियों में जाने की तैयारी में हैं। बताया जा रहा है मायावती की पार्टी के कम से कम आठ सांसद ऐसे हैं, जो तालमेल नहीं होने की स्थिति में दूसरी पार्टी से चुनाव लडने़ जा सकते हैं। ऐसे कई सांसद भाजपा और समाजवादी पार्टी के संपर्क में हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में मायावती लगभग निष्क्रिय रहीं, जिसका नतीजा यह हुआ कि उनके वोट का एक बड़ा हिस्सा भाजपा की ओर शिफ्ट हुआ। कहा जा रहा है कि वे किसी तरह के दबाव में हैं, जिसकी वजह से भाजपा को मजबूत चुनौती देने की रणनीति में विपक्ष के साथ शामिल नहीं हो रही हैं। उन्हें किसी बाहरी दबाव में निष्क्रिय रहना है या और अपनी पार्टी का अस्तित्व बचाने के लिए कदम उठाना है, इसका फैसला उनको करना है।

# राजस्थान में मोदी के चेहरे पर चुनाव!

कर्नाटक में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा था और बुरी तरह हारी। नतीजों के बाद ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा था कि भाजपा इससे सबक लेगी और राज्यों में मजबूत क्षत्रपों के चेहरे आगे करेगी। कर्नाटक में हार का एक कारण येदियुरप्पा को हटाना और निराकार बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाना भी था। तभी कई राज्यों के प्रादेशिक क्षत्रपों की उम्मीद जगी थी और उनको लगा था कि अब उनको महत्व मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं होगा। भाजपा के जानकार सूत्रों के मुताबिक इस साल जितने राज्यों में चुनाव होने वाले हैं उन सबमें पार्टी नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ेगी। भाजपा के एक जानकार नेता का कहना है कि कर्नाटक में भाजपा मोदी के चेहरे पर हारी है इसलिए जरूरी है कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा मोदी के चेहरे पर जीते।

भाजपा के जानकार नेताओं का कहना है कि राजस्थान और मध्य प्रदेश अलग राज्य हैं। वे कर्नाटक की तरह नहीं है। कर्नाटक में भले मोदी का जादू नहीं चला लेकिन हिंदी पट्टी के राज्यों में जरूर चलेगा। इसलिए कर्नाटक में जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई राजस्थान और मध्य प्रदेश में होगी। राजस्थान में भाजपा विपक्ष में है और यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि किसी को सीएम दावेदार घोषित करके पार्टी लड़ेगी। लेकिन ऐसा नहीं होने जा रहा है। केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर 31 मई को अजमेर में प्रधानमंत्री मोदी की रैली होगी और उसके बाद रैलियों का सिलसिला शुरू होगा, जो चुनाव तक चलेगा। बताया जा रहा है कि राजस्थान के हर जिले में मोदी की रैलियां होंगी। इस भीषण गर्मी से लेकर पूरी बरसात उनकी रैलियां चलती रहेंगी। भाजपा को राजस्थान में जीत का पूरा भरोसा है इसलिए श्रेय प्रदेश नेतृत्व को नहीं जाने दिया जाएगा। समूचा फोकस प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर रखा जाएगा।

# ट्रेंडिंग कोरियन ग्लॉस स्किन पाना चाहती हैं? त्वचा के प्रकार के मुताबिक करें टोनर का इस्तेमाल

इन दिनों कोरियन ग्लॉस स्किन बहुत ज्यादा ट्रेंडिंग है। इसके लिए त्वचा की देखभाल के उत्पादों को त्वचा के प्रकार के मुताबिक चुनना और उनका सही तरीके से इस्तेमाल करना शामिल है। इसके मुख्य चरण में चेहरे को साफ करने के बाद टोनर का इस्तेमाल है। हालांकि, खुद के लिए टोनर को हमेशा त्वचा के प्रकार के मुताबिक ही चुनें। आइए जानते हैं कि किस तरह की त्वचा पर कौन–सा टोनर लगाना चाहिए।

**टोनर क्या है और इसका इस्तेमाल कैसे करें?**

टोनर में पानी जैसी स्थिरता होती है और यह क्लींजिंग के बाद चेहरे पर बचे हुए सभी अवशेषों को भी साफ करता है। यह एसेंशियल ऑयल, पौधों के अर्क और अन्य सक्रिय अवयवों के साथ पानी से बना होता है, जो त्वचा को एक्सफोलिएट करता है और इसे कोमल बनाने में मदद करता है। टोनर स्प्रे बोतल में आते हैं। इसे लगाने के लिए रूई पर इसे थोड़ा–सा स्प्रे करके इसे पूरे चेहरे पर हल्के हाथों से लगाएं।

**रूखी त्वचा के लिए मॉइस्चराइजिंग टोनर को चुनें**

रूखी त्वचा के लिए मॉइस्चराइजिंग टोनर इन दिनों बहुत पसंद किया जा रहा है। इसका कारण है कि इसमें एलोवेरा, शहद, ग्लिसरीन और हाइलूरोनिक एसिड जैसी सामग्रियां होती हैं, जो त्वचा के पीएच स्तर को सुधारने के साथ इसे नमी युक्त रखने में मदद कर सकता है। मॉइस्चराइजिंग टोनर का एक बेहतरीन उदाहरण रोज टोनर है। रूखी त्वचा की देखभाल करते समय इन 5 गलतियों से बचें, ताकि किसी तरह की समस्या न हो।

# नार्को टेस्ट : आंदोलन की दिशा बदल न जाए

**पहलवान कह रहे हैं कि उन्होंने अपने साथ हो रहे अन्याय का मामला वैंकि मंच पर उठाया है, और कई देशों के खिलाड़ी और खेल मुखिया उनकी मदद को तैयार हैं। यदि सचमुच ऐसा हो रहा है, तो पहलवानों और सरकारी तंत्र के बीच कटुता स्वाभाविक है। वैसे भी उन्होंने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा और जांच समिति की प्रमुख मैरी कॉम को सिरे से खारिज कर दिया था। पहलवान कह रहे हैं कि भारतीय खेलों की शीर्ष महिलाओं ने उन्हें धोखा दिया। खेल मंत्री और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी भी गुनहगार को बचाते नजर आ रहे हैं, और उनके आंदोलन पर सरकारी मशीनरी बार–बार प्रहार कर रही है। कुछ पहलवानों के अनुसार जब बातचीत से काम नहीं बना और पहलवानों ने झुकने से इंकार कर दिया तो उनमें फूट डालने का भी प्रयास किया जा रहा है, लेकिन नाकी टेस्ट की मांग कर पहलवानों ने शायद आत्मघाती दांव खेला है, जिसकी काट बृजभूषण का पलटवार हो सकता है। शायद पहलवान अपने अध्यक्ष का शातिरपना भांपने में चूक गए। बृजभूषण को जो चाहिए था पहलवानों ने परोस कर दे दिया है। हालांकि नाकी टेस्ट को लेकर न्यायविद् और विशेषज्ञ एक राय नहीं हैं, और ज्यादातर का मानना है कि इस प्रकार का कोई टेस्ट होने नहीं जा रहा। वैसे भी ऐसे टेस्ट का कोई आधार भी नहीं है।**

**राजेंद्र सजवान**

कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर–मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे पहलवानों द्वारा छोड़ा गया नाकी टेस्ट का तीर अगर आत्मघाती साबित हो जाए तो हैरानी नहीं होनी चाहिए।

पहलवानों ने अपनी लड़ाई को ग्लोबल मंच पर ले जाने के लिए हुंकार भरी तो लगा कि अब उनका आंदोलन सही दिशा में बढ़ चला है, लेकिन यकायक उन्होंने फेडरेशन अध्यक्ष बृजभूषण का नाकी टेस्ट कराने की मांग कर डाली। जवाब में बृजभूषण ने भी बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के नाकी टेस्ट की मांग कर दी।

लगभग तीन सप्ताह बाद पहलवानों की लड़ाई में एक बड़ा ट्विस्ट यह देखने को मिला कि वे जंतर मंतर से बाहर सड़कों पर निकल पड़े, आम नागरिक और खेलप्रेमियों से अपनी लड़ाई को मजबूती देने की गुहार लगाने लगे। इस अभियान को मजबूती देने के लिए उन्होंने गांधी समाधि पर जाकर बापू से आशीर्वाद लिया और देशवासियों को संदेश भेजा कि राजनेता उनका शोषण कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की बातें करने वाले झूठ पर झूठ बोल कर उनके धर्मयुद्ध को कमजोर कर रहे हैं। लेकिन उस समय जबकि पहलवान लगातार हावी होते दिखाई दे रहे थे, नाकी टेस्ट की मांग कर शायद उन्होंने बृजभूषण जैसे खिलाड़ी को हावी होने का मौका दे दिया। दूसरी तरफ, पहलवान हैं जो खाप पंचायतों, नागरिक संगठनों और संपूर्ण खेल बिरादरी से लगातार समर्थन मांग रहे हैं। इस बीच यह आरोप भी लगाया जा रहा है कि कुछ शरारती तत्व उनके आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश में जुटे हैं। साक्षी मलिक, विनेश फोगाट, संगीता फोगाट और बजरंग पूनिया के अनुसार जो लोग उनके न्याय युद्ध को राजनीति के चश्मे से देख रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि सरकार जानबूझ कर हमारी लड़ाई को कमजोर करने की कुचेष्टा में लगी है।



विनेश कहती हैं कि सरकार को सच में बेटियों की चिंता होती तो उन्हें इस कदर सड़कों पर भटकने के लिए मजबूर नहीं किया जाता। साक्षी के अनुसार प्रधानमंत्री या अन्य कोई जिम्मेदार मंत्री हमें न्याय दिलाने के लिए आगे आता तो शायद इस कदर भटकना नहीं पड़ता। बजरंग पूनिया ने अपनी प्रतिबद्धता दोहताते हुए कहा कि वह इस लड़ाई में अपना सब कुछ न्योछावर कर देंगे लेकिन पीछे हटने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उनके अनुसार खाप पंचायतों और किसानों को आंदोलन का हिस्सा बनाना गलत नहीं है, और न ही इसे किसी प्रकार की राजनीति माना जाए। सबकी बहन–बेटियां हैं और पूरा देश उनके समर्थन में नहीं उतरा तो बृजभूषण जैसे लोगों को बढ़ावा मिलेगा।

पहलवान कह रहे हैं कि उन्होंने अपने साथ हो रहे अन्याय का मामला वैंकि मंच पर उठाया है, और कई देशों के खिलाड़ी और खेल मुखिया उनकी मदद को तैयार हैं। यदि सचमुच ऐसा हो रहा है, तो पहलवानों और सरकारी तंत्र के बीच कटुता स्वाभाविक है। वैसे भी उन्होंने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा और जांच समिति की प्रमुख मैरी कॉम को सिरे से खारिज कर दिया था। पहलवान कह रहे हैं कि भारतीय खेलों की शीर्ष महिलाओं ने उन्हें धोखा दिया। खेल मंत्री और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी भी गुनहगार को बचाते नजर आ रहे हैं, और उनके आंदोलन पर सरकारी मशीनरी बार–बार प्रहार कर रही है। कुछ पहलवानों के अनुसार जब बातचीत से काम नहीं बना और पहलवानों ने झुकने से इंकार कर दिया तो उनमें फूट डालने का भी प्रयास किया जा रहा है, लेकिन नाकी टेस्ट की मांग कर पहलवानों ने शायद आत्मघाती दांव खेला है, जिसकी काट बृजभूषण का पलटवार हो सकता है। शायद पहलवान अपने अध्यक्ष का शातिरपना भांपने में चूक गए। बृजभूषण को जो चाहिए था पहलवानों ने परोस कर दे दिया है। हालांकि नाकी टेस्ट को लेकर न्यायविद् और विशेषज्ञ एक राय नहीं हैं, और ज्यादातर का मानना है कि इस प्रकार का कोई टेस्ट होने नहीं जा रहा। वैसे भी ऐसे टेस्ट का कोई आधार भी नहीं है।


लेकिन पहलवानों ने नाकी रूपी कैच उछाला और नेता जी ने इसे बखूबी लपक लिया, लेकिन पहलवान नहीं मानते कि उनका आंदोलन भटक गया है। राजनीतिक दलों को आमंत्रित करना भी गलत नहीं है क्योंकि जब सरकार सच्चाई से मुंह मोड़ लेगी तो देश के किसान, जवान और आम और खास नागरिक से सहयोग मांगने में कोई बुराई नहीं है। विनेश फोगाट कहती हैं कि जो लोग उनके धर्मयुद्ध को क्षेत्र, जात और अखाड़े विशेष की लड़ाई बता रहे हैं, उनकी सोच में खोट है। इतना तय है कि यौन शोषण की शिकार पहलवानों को न्याय मिलने में जितनी देरी होगी, उनका और उनकी लड़ाई का हिस्सा बने लोगों का मनोबल टूट सकता है, और भारतीय खेल इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा आंदोलन किसी भी दिशा में बढ़ सकता है। बहरहाल, क्या नतीजा निकलता है, इसके लिए कुछ सप्ताह और महीनों तक इंतजार करना पड़ेगा। लेकिन इतना तय है कि नाकी टेस्ट जुमला बन कर रह जाएगा।

# राजनीति : भारत ने बनाया तीसरा ध्रुव

डॉ. दिलीप चौबे

दुनिया के कूटनीतिक और विदेश नीति विशेषज्ञ अब भारत को तीसरे ध्रुव के रूप में स्वीकार करने लगे हैं। सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिकी विशेषज्ञ फुकुयामा का मानना था कि दुनिया में अब केवल एक ध्रुव अमेरिका ही रहेगा। यह विश्व व्यवस्था अनंतकाल तक चलेगी। पिछले तीन दशकों में दुनिया के हालात बदले और अपनी आर्थिक ताकत के बलबूते चीन ने दूसरा ध्रुव बनने का दावा पेश किया जिसे चाहे–अनचाहे पश्चिमी देश भी स्वीकार करने लगे हैं। पिछले एक दशक में भारत में राजनीतिक स्थायित्व और सक्रिय विदेश नीति के कारण अमेरिका और चीन वाली दो ध्रुवीय वि व्यवस्था में नया पहलू जुड़ सकता है। राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व में रूस ने सोवियत विघटन से उबरने के बाद नई ताकत हासिल की है, लेकिन निश्चित विचारधारा की गैर–मौजूदगी और बहुआयामी अर्थव्यवस्था के अभाव में वह वि स्तर पर अहम भूमिका निभाने की स्थिति में नहीं है।

भारत की विदेश नीति कभी शक्ति प्रदर्शन पर आधारित नहीं थी। पं. जवाहरलाल नेहरू ने पंचशील के आधार पर विकासशील और अर्धविकसित देशों को एकजुट करने के लिए गुट–निरपेक्ष आंदोलन पर जोर दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदले हुए हालात में पं. नेहरू का अनुसरण करते हुए ग्लोबल साउथ को एकजुट करने की कोशिश की है। यूक्रेन युद्ध के दौरान तटस्थ भूमिका निभाकर भारत ने अपनी विश्वसनीयता पर मोहर



लगवा दी है। पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने प्रधानमंत्री मोदी का चरणस्पर्श किया जो अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की अनोखी घटना है। उन्होंने भारत और मोदी को ग्लोबल साउथ का नेता भी करार दिया। प्रशांत क्षेत्र के देशों के लिए भौगोलिक रूप से चीन अधिक महत्त्वपूर्ण देश है। वहां के नेता अब भारत को अपना प्रवक्ता मान रहे हैं, तो यह विदेश नीति की बड़ी सफलता है। पापुआ न्यू गिनी के बाद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने मोदी को बॉस बताया। वास्तव में मोदी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में नई शब्दावली के जन्मदाता बन रहे हैं।

भारत की भूमिका को लेकर देश में विशेषज्ञ दो खेमों में बंटे हुए हैं। बड़ा खेमा भारत की तटस्थ नीति और ग्लोबल साउथ को प्राथमिकता देने के पक्ष में है। दूसरी ओर छोटा लेकिन प्रभावशाली खेमा भारत के अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ गठजोड़ करने का समर्थक है। यह तबका ग्लोबल साउथ या तीसरे ध्रुव के विचार को दिवास्वप्न करार देता है। घरेलू राजनीति में भी विदेश नीति को लेकर मैतक्य नजर नहीं आता। कांग्रेस नेता राहुल गांधी रूस पर यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हैं। रूस की कार्रवाई की तुलना पूर्वी लद्दाख में चीन की सैनिक कार्रवाई से करते हैं। कांग्रेस नेता शशि थरूर और मनीष तिवारी भी रूस की आलोचक रहे हैं। पूरे प्रकरण में वामपंथी नेताओं और समीक्षकों की भूमिका दिलचस्प है। अमेरिकी साम्राज्यवाद का दशकों विरोध करने वाला तबका भारत की तटस्थ नीति का खुलकर समर्थन नहीं करता। इतना ही नहीं वामपंथी रुझान वाली मीडिया में रूस के खिलाफ अमेरिकी प्रोपगेंडा को ही प्रसारित किया जा रहा है। हालांकि कुछ वामपंथी समीक्षक मोदी को कोई श्रेय न देने के बावजूद भारत की यूक्रेन नीति को सही ठहराते हैं।

अगले महीने राहुल और नरेन्द्र मोदी दोनों अमेरिका यात्रा पर होंगे। इस दौरान वे यूक्रेन युद्ध के बारे में क्या विचार व्यक्त करते हैं, इस पर सबकी नजर होगी। यह एक राजनीतिक हकीकत है कि दुनिया के अधिकतर देशों के नेता अमेरिकी प्रशासन की 'गुड बुकइ में रहने की कोशिश करते हैं। लोक सभा चुनाव के पहले राहुल भी अमेरिकी प्रशासन को अपने अनुकूल करने की कोशिश कर सकते हैं, वहीं अपनी आधिकारित यात्रा के दौरान

**अगले महीने राहुल और नरेन्द्र मोदी दोनों अमेरिका यात्रा पर होंगे। इस दौरान वे यूक्रेन युद्ध के बारे में क्या विचार व्यक्त करते हैं, इस पर सबकी नजर होगी। यह एक राजनीतिक हकीकत है कि दुनिया के अधिकतर देशों के नेता अमेरिकी प्रशासन की 'गुड बुकइ में रहने की कोशिश करते हैं। लोक सभा चुनाव के पहले राहुल भी अमेरिकी प्रशासन को अपने अनुकूल करने की कोशिश कर सकते हैं, वहीं अपनी आधिकारित यात्रा के दौरान पीएम मोदी अमेरिकी प्रशासन को आस्त कर सकते हैं कि स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करने के साथ ही भारत अमेरिका के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता देता है।**

पीएम मोदी अमेरिकी प्रशासन को आस्त कर सकते हैं कि स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करने के साथ ही भारत अमेरिका के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता देता है। भारत की अपेक्षा केवल इतनी है कि रूस के साथ उसके सैन्य और आर्थिक संबंधों में रुकावट पैदा न की जाए। बहुत कुछ यूक्रेन में युद्ध के घटनाक्रम पर निर्भर करता है। यदि वहां युद्ध व्यापक रूप लेता है, तो भारत के लिए रूस के साथ संबंधों को सामान्य बनाए रखना दुरूह साबित होगा।

# अकल दाढ़ के दर्द से राहत पाने के लिए आजमाएं ये 5 घरेलू नुस्खे

अकल दाढ़ से होने वाला दर्द असहनीय होता है और इसकी वजह से बहुत तकलीफ होती है। इससे मसूड़ों पर भी दबाव पड़ता है, जिसकी वजह से मसूड़ों में सूजन, दांतों में दर्द और बेचैनी महसूस होती है। हालांकि, कुछ प्राकृतिक और घरेलू उपचार अपनाकर आप इस दर्द से जल्द राहत पा सकते हैं। चलिए फिर आज आपको अकल दाढ़ के दर्द से राहत पाने के लिए 5 असरदार घरेलू नुस्खे बताते हैं।



**नमक के पानी से कुल्ला करें**

किसी भी तरह के दांत के दर्द से राहत पाने के लिए नमक के पानी से कुल्ला सबसे अच्छा उपाय है। यह एंटी–सेप्टिक और हीलिंग गुणों से भरपूर होता है, जिसके कारण अकल दाढ़ के दर्द और सूजन को कम किया जा सकता है। लाभ के लिए गुनगुने पानी में नमक डालकर उसे अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण से गरारे करें और फिर इसे थूक दें। बेहतर परिणाम के लिए ऐसा दिन में 2 बार करें।

**लौंग का तेल**

लौंग का तेल एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–फंगल और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है। इसकी वजह से यह अकल दाढ़ के कारण होने वाले किसी भी संक्रमण से बचाने में आपकी मदद कर सकता है। लाभ के लिए लौंग के तेल में रुई के एक छोटे से टुकड़े को डुबोएं और फिर इसे प्रभावित दांतों के आसपास के मसूड़ों पर लगाएं। लौंग के तेल से ये फायदे भी मिलते हैं।

**अमरूद के पत्ते**

अकल दाढ़ के कारण होने वाले दर्द से राहत पाने के लिए अमरूद के पत्तों का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसकी पत्तियों में कीटाणुनाशक गुण होते हैं, जो सूजन से राहत दिलाते हैं और संक्रमण के जोखिम को कम कर सकते हैं। लाभ के लिए अमरूद के पत्तों को आराम से चबाएं। इसके अलावा आप इन पत्तियों को पानी में उबालकर इसके मिश्रण को माउथवॉश की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**बेकिंग सोडा पेस्ट**

बेकिंग सोडा भी अकल दाढ़ के कारण होने वाले दर्द से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक कटोरे में थोड़ा–सा अपना पसंदीदा टूथपेस्ट निकालें और फिर उसमें बेकिंग सोडा मिलाएं। इसके बाद इस पेस्ट से सीधे अपनी अकल दाढ़ पर और उसके आसपास के हिस्से पर मालिश करें। ऐसा करने के कुछ मिनट के बाद पानी से मुंह धो लें। दांतों की सफाई के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल इन तरीकों से करें।

**हल्दी**

हल्दी का इस्तेमाल दांतों के दर्द से राहत पाने के लिए किया जा सकता है। इसमें मौजूद करक्यूमिन नामक यौगिक में अच्छी मात्रा में एनाल्जेसिक गुण होते हैं, जो अकल दाढ़ के दर्द को कम कर सकते हैं। लाभ के लिए हल्दी, नमक और सरसों के तेल को एक साथ मिलाकर पेस्ट बना लें और फिर इसे प्रभावित हिस्से पर अच्छे से मलें। हल्दी स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। हल्दी से ये फायदे भी मिलते हैं।

# संसद सबका गौरव है

सत्ताधारी दल के समर्थकों का बड़ा वर्ग भले संसद भवन पर गर्व करे, लेकिन विपक्ष समर्थक और बहुत से निष्पक्ष लोगों के लिए ऐसा करना फिलहाल संभव नहीं हुआ है। मगर यह सूरत बदल सकती है, अगर सरकार संसदीय परंपराओं का सम्मान करती दिखे।

नए संसद भवन के उद्घाटन से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस नई इमारत पर देश के हर नागरिक को गर्व होगा। अब प्रधानमंत्री के पास अपने इस कथन को सचमुच सार्थक और सच साबित करने का मौका है। लेकिन इसके लिए उनकी सरकार को अपने चाल–व्यवहार और सोच में कुछ परिवर्तन लाने होंगे। उसे सबसे पहले तो यह बात आत्म–सात करनी होगी कि किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में जन–प्रतिनिधित्व की सबसे ऊंची संस्था पर लोग गर्व करते हैं– यह बात ज्यादा मायने नहीं रखती कि वह संस्था कैसी और किस इमारत से अपना काम करती है। ऐसी संस्था से आम जन को कुछ वाजिब उम्मीदें होती हैं। संसद को क्या करना चाहिए और उससे क्या उम्मीद रखी जानी चाहिए, इसका विस्तृत वर्णन भारतीय संविधान में भी किया गया है।

बहरहाल, सबसे पहली बात तो यह है कि सरकार को– चाहे कितना बड़ा ही बहुमत क्यों ना हासिल हो– संसद का सम्मान करना चाहिए: ठीक वैसा ही सम्मान जैसा नौ साल पहले प्रधानमंत्री निर्वाचित होने के बाद संसद की सीढ़ियों पर मत्था टेक कर जताया था। लेकिन उसके बाद उनकी सरकार ने संसदीय समितियों से लेकर प्रश्न काल और अपेक्षित बहसों को लेकर एक तरह का तृरस्कार का रुख अपनाए रखा है। वर्तमान सरकार यह आत्म–सात नहीं कर पाई है, संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष शासन का हिस्सा होता है, जिसे सरकार की कमियों को बेनकाब करने, विरोध करने और लगातार सरकार को जवाबदेह बनाए रखने का जनादेश मिला होता है। मगर सत्ताधारी पार्टी के नेता अक्सर विपक्ष मुक्त भारत की बात करते सुने गए हैं। विपक्षी नेताओं को सरकारी जांच एजेंसियों से जानबूझ कर घेरा गया है और हाल में तो प्रमुख विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी को लोकसभा से ही बाहर कर दिया गया। इन परिस्थितियों में सत्ताधारी दल के समर्थकों का बड़ा वर्ग भले संसद भवन पर गर्व करे, लेकिन विपक्ष समर्थक और बहुत से निष्पक्ष लोगों के लिए ऐसा करना फिलहाल संभव नहीं हुआ है। मगर यह सूरत बदल सकती है, अगर प्रधानमंत्री सचमुच यह संकल्प जताएं कि अब उनकी सरकार संसद का सम्मान और उस पर गर्व करेगी।

## पटना जंक्शन को बम से उड़ाने की धमकी, अलर्ट मोड पर रेलवे पुलिस

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजधानी पटना जंक्शन को सोमवार देर रात बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस सूचना के बाद प्रशासन की नींद उड़ गई जिसके बाद आनन फानन में पटना जंक्शन सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों ने फौरन स्टेशन पर खड़ी ट्रेन की जांच के साथ–साथ प्लेटफार्म की भी जांच की। खास तौर पर यात्रियों के बैग एंड बैगेज की जांच की गई। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात लगभग 11 बजे पटना जंक्शन को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ये धमकी ऋक्षस्त्र को फोन पर मिली जिसके बाद पटना जंक्शन ने आरपीएफ पोस्ट को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों ने पूरे पटना जंक्शन की जांच की। वहीं इस मामले में रेल छ्स्क्क हेड चर्टर सुशांत रेल डीएसपी लॉयन ऑर्डर छ्त्रक्स्न समेत कई अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। यह धमकी भरा कॉल सहरसा से आया है। पुलिस ने धमकी देने वाले युवक को सहरसा से गिरफ्तार कर लिया है।

## कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के करीबियों के एक दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर ईडी का छापा

**रांची (एजेंसी)।** ईडी मंगलवार सुबह से झारखंड में बड़ी कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस के पोड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव के करीबियों के एक दर्जन से भी ज्यादा ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है। इनमें से कम से कम 10 ठिकाने रांची में हैं। यह छापेमारी आयकर से जुड़े मामले में की जा रही है। इससे पहले चार नवंबर 2022 को विधायक प्रदीप यादव और बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के ठिकानों पर इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट ने छापेमारी की थी। प्रदीप यादव के गोड्डा स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज बरामद किए गये थे। इन दस्तावेजों की जांच के बाद आयकर विभाग ने केस को ईडी को रेफर कर दिया था। जब इस मामले में नये तथ्य सामने आये, तो अब फिर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। विधायक प्रदीप यादव के साथ ईडी की टीम बिल्डर शिवकुमार के ठिकानों पर भी पहुंची है। बताया जा रहा है कि जमीन घोटाला मामले में बिल्डर शिवकुमार की भूमिका संदिग्ध रही है।

## प्रेमी से शादी की जिद लेकर उसके घर में तीन दिन तक धरने पर बैठी रही युवती

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के बोकारो जिले में एक युवती अपने प्रेमी से शादी की जिद को लेकर उसके घर में तीन दिनों तक लगातार धरने पर बैठी रही। गांव वालों और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद उसने आज अपना धरना इस आश्वासन पर समाप्त किया कि उसकी शादी उस लड़के से करा दी जाएगी, जिससे वह प्यार करती है।

मामला झारखंड के बोकारो जिला अंतर्गत कसमार प्रखंड के रघुनाथपुर गांव का है। लड़की इस प्रखंड के रानीटांड़ की रहनेवाली है। लड़की रघुनाथपुर में रहनेवाले युवक चंदन महतो से प्यार करती है। चंदन भी उससे प्यार करता था। चंदन ने करमी को शादी करने का आश्वासन दे रखा था और किसी दूसरे से उसकी शादी नहीं होने देता था। इस बीच वह रोजगार की तलाश में हैदराबाद चला गया। जब करमी को इसकी जानकारी मिली तो वो लड़के के घर रघुनाथपुर पहुंच गयी और तीन दिनों तक बिना खाये–पीये उसके घर में बैठी रही। जब लड़के के घरवालों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची। कसमार थाना प्रभारी ने लड़की को समझाया जिसमें यह तय हुआ कि दो दिनों के अंदर हैदराबाद से लौटकर उससे शादी के संबंध में कोई निर्णय लेगा।

# लंबी वेटिंग लिस्ट से जनता त्रस्त

### थरूर बोले– इस समस्या पर ध्याद दे सरकार; वंदेभारत पर एकतरफा फोकस चिंताजनक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने वेटलिस्टेड रेल टिकटों की समस्या पर सरकार को घेरा है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि आज जब हम आजादी के 75 सालों का जश्न मना रहे हैं तब एक कंफर्म रेलवे टिकट सामान्य सुविधा होनी चाहिए। बावजूद इसके आज अगर किसी को ट्रेन में कन्फर्म सीट मिल जाती है तो इसे भाग्य की बात माना जाता है। इस दौरान उन्होंने केवल वंदे भारत ट्रेनों की ओर ध्यान दिए जाने का आरोप लगाते हुए केंद्र पर तंज भी कसा। थरूर ने कहा कि यह चिंताजनक है।

कांग्रेस नेता ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए ये टिप्पणी की। इस रिपोर्ट में एक आरटीआई जवाब का हवाला देते हुए कहा गया था कि साल 2022–23 में टिकट खरीदने के बावजूद 2.7 करोड़ से अधिक यात्री ट्रेन से यात्रा नहीं कर सके क्योंकि वेटिंग लिस्ट थी। थरूर ने सवाल करते हुए कहा कि भारतीय रेलवे में लंबी वेटिंग लिस्ट कब खत्म होगी? उन्होंने कहा कि 2022–23 में 2.7 करोड़ वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों को कन्फर्म सीट नहीं मिली। इस साल सबसे ज्यादा संख्या में टिकट वेटिंग लिस्ट में रहे, जो खुद–ब–खुद रद्द हो गए। यह चलन लगातार जारी है। हर साल पिछले साल के रिकॉर्ड को तोड़ा जा रहा है। इस दौरान शशि थरूर ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की भी बात की। उन्होंने कहा कि इन ट्रेनों की शुरुआत का स्वागत है, लेकिन केवल इसी पर ज्यादा फोकस किया जाना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि यह असंतुल दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस मामले को तत्काल सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहिए।

## यूक्रेन की संसद का ईरान पर 50 साल के प्रतिबंध का समर्थन

**कीव , एजेंसी।** यूक्रेन की संसद ने ईरान पर 50 साल के लिए प्रतिबंध लगाने के राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद (एनएसडीसी) के फैसले का समर्थन किया है। राष्ट्रपति ब्लादिमिर जेलेंस्की द्वारा संसद में पेश किए गए मंजूरी बिल के समर्थन में आवश्यक न्यूनतम 226 मतों से अधिक 328 मत पड़ा। 27 मई को, एनएसडीसी ने ईरान के खिलाफ प्रतिबंध को मंजूरी दी थी। इसमें सैन्य उपकरणों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं और सेवाओं के साथ व्यापार पर पूर्ण प्रतिबंध शामिल है।

## एअर इंडिया में पैसेंजर का हंगामा, क्रूमेंबर्स को पहले गालियां दीं फिर की मारपीट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एअर इंडिया की फ्लाइट में क्रू मेंबर के साथ बदतमीजी करने की घटना सामने आई है। एअर इंडिया ने बयान जारी कर कहा कि हमारी फ्लाइट में 29 मई को एक यात्री ने बदतमीजी की। आरोपी यात्री ने चालक दल के सदस्यों को गालियां दी और फिर उनमें से एक पर हमला भी किया। उन्होंने कहा है कि पैसेंजर को एयरपोर्ट पर लैंड होने के बाद सुरक्षाकर्मियों को सौंप दिया गया था।

एअर इंडिया ने बताया कि हमने नियामक को भी घटना की सूचना दी है। इससे पहले भी अप्रैल के महीने में एक यात्री ने एअर इंडिया की फ्लाइट में क्रू मेंबर के साथ दुर्व्यवहार किया था। दरअसल, 10 अप्रैल को दिल्ली–लंदन की फ्लाइट में एक यात्री ने दो महिला केबिन क्रू सदस्यों के साथ बदसलूकी की थी। एयरलाइन ने इस घटना के बाद आरोपी व्यक्ति पर दो साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।एयर इंडिया की ओर से जारी की गई जानकारी के अनुसार 29 मई को उनकी फ्लाइट एक पैसेंजर ने क्रू पर मौजूद लोगों से गलत व्यवहार किया।

## नहीं रहे महाराष्ट्र से कांग्रेस के एकमात्र सांसद बालू धानोरकर, 4 दिन पहले हुआ था पिता का निधन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले से इकलौते कांग्रेस के सांसद सुरेश उर्फ बालू धानोरकर की आज इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। बेहद कम उम्र में दुनिया को अलविदा कहने वाले धानोरकर 48 साल के थे। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता अतुल लोंधे ने बताया कि उनका पिछले तीन दिनों से दिल्ली के मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा था। बालू उर्फ सुरेश धनोरकर चंद्रपुर से सांसद थे। कुछ दिन पहले ही उनका किडनी स्टोन का ऑपरेशन किया गया था। इसी के बाद उनकी हालत खराब होना शुरू हो गई थी।

जानकारी के मुताबिक नागपुर में हालत गंभीर होने पर उन्हें रविवार को एयर एंबुलेंस से दिल्ली के वेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया गया। दो दिन से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। वह वेंटीलेटर पर थे। मंगलवार तड़के उनका निधन हो गया। वहीं चार दिन पहले उनके पिता की मौत निधन हो गयाल। अस्पताल में भर्ती होने के कारण वो अपने पिता के अंतिम संस्कार में भी नहीं जा पाए थे। उनकी पत्नी प्रतिभा धनोरकर वरोरा विधानसभा से विधायक हैं।

जानकारी के मुताबिक धानोरकर का पार्थिव शरीर दिल्ली से नागपुर होते हुए दोपहर 1:30 बजे वरोरा उनके आवास ले जाया जाएगा। दोपहर 2 बजे से 31 मई की सुबह 10 बजे तक उनके निवास में अंतिम दर्शन किए जाएंगे फिर सुबह 11 बजे वाणी–वरोरा बाईपास मार्ग स्थित मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार होगा।

धानोरकर का जन्म 4 मई 1975 को यवतमाल जिले में हुआ था। उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत शिवसेना से हुई थी। पार्टी के कई बड़े पदों पर काम करने के बाद 2009 में शिवसेना से पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ा लेकिन उनकी बहुत कम वोटों के अंतर से वह हार गए। 2014 में भद्रावती वरोरा से शिवसेना के विधायक बनए। इसके बाद 2019 में उन्होंने शिवसेना से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए। पार्टी ने उन्हें चंद्रपुर वाणी आर्णी से लोकसभा का चुनाव लड़ाया। वह सांसद चुने गए।

# मोदी सरकार के नौ साल : आज से शुरू हो रहा भाजपा का मेगा जनसंपर्क अभियान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र में मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा आज से देशभर में अपना मेगा विशेष जनसंपर्क अभियान शुरू करने जा रही है। भाजपा ने इस विशेष अभियान को 30 जून तक चलाने की योजना बनाई है। 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव के मद्देनजर इसे पार्टी की एक बड़ी कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सरकार के मंत्री, भाजपा के दिग्गज नेता, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री और प्रदेश, जिला और स्थानीय स्तर तक के नेता देश की सभी लोकसभा सीटों पर जाकर मतदाताओं से संवाद कर, उन्हें सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताएंगे और साथ ही पिछली सरकारों के कामकाज से मोदी सरकार के कामकाज की तुलना भी करेंगे।इस विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार, 31 मई को चुनावी राज्य राजस्थान के अजमेर में एक बड़ी रैली करने जा रहे हैं। इसके अलावा महीने भर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री कई अन्य राज्यों में भी रैलियां कर सकते हैं। पार्टी ने इसके लिए देश की सभी लोक सभा सीटों को 117 कलस्टर में बांट दिया है। प्रत्येक कलस्टर में 3 से 5 लोकसभा सीटों को शामिल किया गया हैं। प्रत्येक कलस्टर में वरिष्ठ मंत्री , वरिष्ठ नेता और स्थानीय नेताओं की टीम को तैनात किया गया है।

इन नेताओं को ए, बी और सी तीन कटेगरी में बांटकर, कटेगरी अनुसार अपने–अपने क्लस्टर वाली लोक सभा सीटों पर जाकर जनसंपर्क करने, जनसभाएं करने और पार्टी के कार्यक्रमों की निगरानी करने का जिम्मा सौंपा गया है।

ए ग्रुप में केंद्रीय मंत्री, पार्टी के राष्ट्रीय नेता और पूर्व मुख्यमंत्रियों को रखा गया है, जो उन लोक सभा क्षेत्रों से जुड़े राज्यों की बजाय दूसरे राज्यों से होते हैं। बी ग्रुप में भी कलस्टर वाले राज्य को छोड़कर दूसरे राज्य से जुड़े सांसदों और वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है। सी ग्रुप में कलस्टर वाले राज्य के स्थानीय नेताओं को ही जगह दी गई है। हर कलस्टर में इन तीनों ग्रुप के नेताओं को शामिल कर उन्हें उनकी केटेगरी के हिसाब से अलग–अलग जिम्मेदारी दी गई है।

वैसे तो भाजपा देश के सभी लोक सभा क्षेत्रों में यह मेगा जनसंपर्क अभियान चलाएगी, लेकिन इसमें से पार्टी लोक सभा की लगभग चार सौ सीटों पर विशेष फोकस रखने जा रही है। अभियान के दौरान भाजपा की योजना देश के लगभग चार सौ लोक सभा क्षेत्रों को टारगेट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा समेत सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों , पार्टी के दिग्गज नेताओं और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की 51 बड़ी रैलियां आयोजित करने की है। इसके अलावा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देशभर के 10 लाख से ज्यादा बूथों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगे।

एक महीने तक चलने वाले इस अभियान के तहत भाजपा नेता देशभर में एक लाख विशिष्ट और प्रभावशाली परिवारों, जिनमें प्रसिद्ध खिलाड़ी, उद्योगपति, कलाकार एवं देश सेवा के दौरान शहीद हुए लोगों के परिजनों जैसे परिवार होंगे से संपर्क साध कर बातचीत करेंगे। पार्टी की योजना हर लोक सभा क्षेत्र में कम से कम 250 ऐसे परिवारों से संपर्क साधने की है, कई लोक सभा क्षेत्रों में तो यह आंकड़ा एक हजार तक भी पहुंच सकता है। इसके साथ ही पार्टी नेता देशभर में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स से भी संवाद करेंगे।

जून में एक से 22 तारीख के बीच भाजपा नेता देश के सभी लोक सभा क्षेत्रों में प्रेस कांफ्रेंस करेंगे, संपर्क साधेंगे, क्षेत्र विशेष के प्रबुद्ध, प्रभावशाली और इंफ्लुएंसर्स लोगों के साथ मुलाकात करेंगे, सभाएं और सम्मेलन करेंगे। इस दौरान भाजपा अपने सभी सातों मोचरें का संयुक्त सम्मेलन करेगी। लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए इससे जुड़े सम्मेलन भी किए जाएंगे। इसके साथ ही पार्टी 20 से 30 जून के दौरान घर–घर संपर्क अभियान भी चलाएगी।

## लश्कर–ए–तैयबा के खास कमांडर भुट्टावी की पाक जेल में मौत, 26/11 अटैक में था शामिल

**लाहौर, एजेंसी।** लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) के टॉप कमांडर और हाफिज सईद का खास अब्दुल सलाम भुट्टावी, जिसने 26/11 के मुंबई हमलों को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को तैयार करने में मदद की थी, उसकी पाकिस्तानी जेल में मौत हो गई है। भुट्टावी को साल 2012 में यूएन ने आतंकी घोषित किया था। जिसके कई साल बाद उसे पाकिस्तान में गिरफ्तार किया गया था। हाफिज सईद के बहनोई के साथ आतंकवादी हरकतों में शामिल होने के आरोप में अदालत ने भुट्टावी को दोषी ठहराया और 16 साल की सजा सुनाई थी।जानकारी मिली है कि अब्दुल सलाम भुट्टावी की जेल में दिल का दौरा पडऩे की वजह से मौत हुई है। भुट्टावी को 2012 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने आतंकवादी घोषित किया था। जिसके कई साल बाद पाकिस्तान ने उसे गिरफ्तार किया। भुट्टावी पर लश्कर के संस्थापक और आतंकवादी हाफिज सईद के बहनोई के साथ आतंकी वारदातों में शामिल होने का मुकदमा चला। जिसके बाद अगस्त 2020 में भुट्टावी को साढ़े 16 साल की सजा सुनाई गई थी।

# जंगल में आग पर काबू पाने को तैयार किया फायर मैपिंग सिस्टमः सुक्खू

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वन अग्नि को नियंत्रित करने के लिए संवेदनशील वनों को विभाजित करना बहुत अनिवार्य है। इसके तहत पंचायतों और स्थानीय समुदायों के साथ पारस्परिक समन्वय और जागरूकता अभियान शुरू करना महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग ने जंगल की आग पर काबू पाने के लिए रैपिड फायर एक्शन टीम का भी गठन किया है। जंगल में आग लगने की स्थिति में यह टीम वन विभाग को व्हाट्सएप के माध्यम से आग लगने की सूचना देगी। स्थानीय लोगों को जंगल की आग के दुष्प्रभाव और किसी भी आग की घटना की स्थिति में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया जा रहा है।हिमाचल की वन संपदा राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 68.16 प्रतिशत है। प्रदेश के वन जैव विविधता से समृद्ध है तथा नाजुक हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस बहुमूल्य प्राकृतिक सम्पदा का वैज्ञानिक प्रबंधन तथा संरक्षण करना सभी का दायित्व है। जंगल की आग पर्यावरण संतुलन के साथ–साथ अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करती है, क्योंकि अनेक परिवार भोजन, ईंधन और चारे के लिए वन संपदा पर निर्भर होते हैं। हिमाचल प्रदेश में आग की घटनाएं अधिकारियों और नागरिकों के लिए चिंता का एक प्रमुख कारण रही हैं, खासकर जब वन राज्य के पर्यावरण, पारिस्थितिक और आर्थिक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

राज्य सरकार वन अग्नि की समस्या को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के लिए वन अग्नि प्रबंधन रणनीति में व्यापक पैमाने पर सुधार कर रही है। इस वर्ष बदले हुए मौसम की स्थिति के दृष्टिगत गर्मियाँ बहुत कठोर नहीं थीं, फिर भी महत्वपूर्ण वन अग्नि प्रबंधन तत्वों जैसे रणनीतिक अग्निशमन केंद्रों, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, वित्त पोषण, मानव संसाधन विकास, अग्नि अनुसंधान, अग्नि प्रबंधन और विस्तार कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जा रहा है। सुक्खू का कहना है कि जंगल की आग कुछ वन पारिस्थितिक तंत्रों के भीतर एक प्राकृतिक घटना है, लेकिन कुछ वर्षों में, आग अधिक विकराल और व्यापक रूप ले लेती है। स्थानीय लोगों, पंचायतों, स्कूली बच्चों के साथ बड़े पैमाने पर संपर्क कार्यक्रम और उन्हें जंगल की आग से वन संसाधनों, वन्य जीवन और पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करना भी आवश्यक है।उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा संवेदनशील वनों के लिए मानचित्र तैयार किए गए हैं। जंगल में आग लगने की आशंका वाले संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर उन जगहों से जोड़ा गया है, जहां से आग पर काबू पाया जा सके।

## सुरक्षाबलों पर हमले की बड़ी साजिश नाकाम

**रांची (एजेंसी)।** सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षाबलों को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका गांव के जंगल से सोमवार को पांच शक्तिशाली आईईडी बरामद हुआ है। इनमें एक 20 किलो का, एक12 किलो का, एक 6 किलो का और दो 5–5 किलो के आईईडी बरामद हुए हैं। सभी आईईडी को उसी स्थान पर नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि जिले में माओवादी विरोधी अभियानों में लगे सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए भाकपा (माओवादियों) द्वारा आईईडी लगाए गए थे। हालांकि, सुरक्षा बलों ने जिले के पश्चिमी सिंहभूम जिले में लगाए गए पांच शक्तिशाली इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाकर उनकी योजना पर पानी फेर दिया।

## सीमा पर सैनिक नहीं बढ़ा रहा चीन, सीडीएस बोले– देपसांग और डेमचौक के अलावा बाकी सभी जगहें हमने वापस लीं

**मुंबई (एजेंसी)।** पुणे में आज एनडीए की पासिंग आउट परेड के दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने भारतीय सेना की चुनौतियों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की तैनाती भारत की उत्तरी सीमा पर रोजाना नहीं बढ़ रही है। यह उतनी ही है, जितनी 2020 में थी।

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि हमारे सामने चुनौती है और सशस्त्र बल हर वो कदम उठा रहे हैं, जिससे कोई अप्रिय स्थिति न पैदा हो। उन्होंने कहा कि हम देपसांग और डेमचोक को छोड़कर सभी जगहों पर वापस जाने में सफल रहे हैं और इसे लेकर बातचीत जारी है।

उन्होंने कहा कि हमें अपने दावे की वैधता बनाए रखनी होगी। सीमा विवाद को सुलझाना अलग मुद्दा है, जिन इलाकों में हम 2020 से पहले पेट्रोलिंग करते थे, जिनपर हमारा दावा है, वहां यथास्थिति बनानी होगी।

सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि हम ऐसे समय में रह रहे हैं जब वैश्विक सुरक्षा की स्थिति सबसे अच्छी नहीं है और जियोपॉलिटिकल ऑर्डर लगातार बदल रहे हैं। यूरोप में युद्ध, हमारी उत्तरी सीमाओं पर पीएलए की निरंतर तैनाती और हमारे निकट पड़ोस में राजनीतिक और आर्थिक उथल–पुथल, ये सभी भारतीय सेना के लिए एक अलग तरह की चुनौती पेश करते हैं।

## अमृतसर के सौंदर्यीकरण पर 12 करोड़ रुपए खर्च करेगी सरकार : डॉ. इन्दरबीर सिंह निज्जर

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब सरकार अमृतसर के सौंदर्यीकरण और विकास पर 12 करोड़ रुपए ख़र्च करेगी। यह बजट अलग–अलग वॉर्डों में गलियों के निर्माण, मरम्मत के साथ–साथ अलग–अलग हलकों में पार्कों की पेंटिंग और नवीनीकरण की सुविधा देगा।स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. इन्दरबीर सिंह निज्जर ने चंडीगढ़ में बताया कि अमृतसर के वार्ड नं. 33, 35, 37, 38, 40, 41, 62, 63 और 66 में 2.45 करोड़ रुपए की लागत से गलियों के निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे। दक्षिणी हलके और केंद्रीय चुनाव क्षेत्र ( ज़ोन नं. 4) की गलियों की मरम्मत और रखरखाव लिए 29.80 लाख रुपए ख़र्च किए जाएंगे।शहर की सुंदरता को निखारने के लिए 1.52 करोड़ रुपए के बजट के साथ दक्षिणी, केंद्रीय और उत्तरी हलकों में पार्कों के लिए पेंटिंग और नवीनीकरण के प्रोजेक्ट भी शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा, 7.55 करोड़ रुपए की रकम अलग–अलग गलियों में इंटरलॉकिंग टाईलों, सीसी पैचवर्क, सदर थाने से मदर टेरेसा स्टैचू तक सडक़ को चौड़ा करने (सडक़ का काम, इंटरलॉकिंग टाईलों आदि) और अन्य सम्बन्धित कार्यों के लिए इस्तेमाल की जाएगी।डॉ. निज्जर ने कहा कि भ्रष्टाचार में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना किसी छूट के उचित कानूनी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। डॉ. निज्जर ने विकास कार्यों के लिए ज़िम्मेदार अधिकारियों को हिदायत की कि वह वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए गुणवत्ता के उच्च मानकों को कायम रखें।

# आबकारी नीति मामला : ईडी की चौथी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में केजरीवाल का नाम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अदालत में दाखिल चौथी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम भी दर्ज है, हालांकि आरोपी के तौर पर नहीं।

आरोपी से गवाह बने दिनेश अरोड़ा के बयान में केजरीवाल का नाम आया है।

चार्जशीट में संजय सिंह के नाम का भी उल्लेख है, लेकिन यह निर्दिष्ट नहीं किया गया है कि यह वही संजय सिंह हैं, जो आप के राज्यसभा सदस्य हैं या कोई और।

ईडी ने दावा किया है कि दिनेश अरोड़ा ने 2025 में दिल्ली में होने वाले अगले विधानसभा चुनाव के लिए दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को 82 लाख रुपये फंड के रूप में दिए।

दिनेश अरोड़ा के बयान में संजय सिंह का नाम भी शामिल है।

चार्जशीट में कहा गया है, वह (दिनेश अरोड़ा) शुरू में संजय सिंह से मिले, जिसके माध्यम से वह अपने रेस्तरां अनप्लग्ड कोर्टयार्ड में एक पार्टी के दौरान मनीष सिसोदिया के संपर्क में आए। संजय सिंह के अनुरोध पर उन्होंने कई रेस्तरां मालिकों से बात की और दिल्ली में अगले विधानसभा चुनाव के लिए 82 लाख रुपये के चेक सिसोदिया को सौंपे गए।

अरोड़ा ने यह भी कहा कि उन्होंने सिसोदिया से पांच से छह बार बात की थी और संजय सिंह के साथ केजरीवाल के आवास पर एक बार मुलाकात भी की थी।

अरोड़ा ने ईडी को बताया कि उन्होंने आप नेता विजय नायर से उनके रेस्तरां में मुलाकात की, जहां उन्होंने नंबरों का आदान–प्रदान किया।

अप्रैल 2021 में नायर ने उन्हें दिल्ली आबकारी नीति पर चर्चा करने के लिए सिविल लाइंस के ओबेरॉय होटल में बुलाया था। चार्जशीट में कहा गया है कि नायर ने गौरी अपार्टमेंट में अरोड़ा को भी आमंत्रित किया था और उनसे कहा था कि वह अपने दोस्तों को साथ लाएं।

ईडी इस मामले में अब तक एक मुख्य चार्जशीट और चार सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

## पंजाब विधानसभा की बैठकों के बुलेटिन से संबंधित किताब जारी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब विधानसभा स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने मंगलवार को विधानसभा की कार्यवाही से संबंधित किताब पंजाब विधानसभा की बैठकों के बुलेटिन (1960–2021) अपने दफ्तर में जारी की। इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर स. जय कृष्ण सिंह रोड़ी और सचिव सुरिंदर पाल भी मौजूद थे।पंजाब विधानसभा सचिवालय द्वारा तीन भागों में प्रकाशित इस किताब को ऐतिहासिक दस्तावेज़ करार देते हुए स्पीकर स. संधवां ने पुस्तक प्रकाशित करवाने वाली रिपोर्टर शाखा को इस काम के लिए शुभकामनाएं दीं। स्पीकर ने बताया कि यह पुस्तक देश की सभी राज्य विधानसभाओं और संसद के इतिहास में ऐसी पहली किताब है जिसमें वर्ष 1960 से लेकर अब तक की कोई भी जानकारी सारांश रूप में आसानी से प्राप्त की जा सकेगी।

# नम हुई माही की आंखें, एक—दूसरे को गले लगाकर छलके जीत के आंसू



नई दिल्ली, आखिरी गेंद पर चार रन की जरूरत और मैदान पर पसरा सन्नाटा। जडेजा के हाथ में बल्ला और गेंद मोहित शर्मा के पास। चेन्नई और गुजरात के खेमे में नजर आते टेंशन से भरे चेहरे। मोहित द्वारा खेली गई आईपीएल 2023 की आखिरी बॉल को जैसे ही जड्डू ने बाउंड्री लाइन के पास पहुंचाया, सीएसके के डगआउट में जश्न शुरू हो गया। जडेजा बीच मैदान पर हवा में पंच मारते नजर आए, तो डगआउट में खिलाड़ियों का एक–दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। स्टाफ मेंबर से लेकर चेन्नई के प्लेयर्स इस यादगार जीत पर अपने आंसू नहीं रोक सके। जडेजा जैसे ही धोनी के पास पहुंचे, वैसे ही माही ने अपने चहेते को गोद में उठाकर गले से लगा लिया। इस दौरान शायद पहली बार माही खुद भावुक हो गए और उनकी नम आंखों ने इस जीत की अहमियत बयां कर दी।

**भावुक हुए धोनी**

दरअसल, आईपीएल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें आखिरी बॉल से लेकर चैंपियन बनने तक चेन्नई के खेमे पर फुल फोकस किया गया है। दिल छू लेने वाले इस वीडियो में सीएसके के खिलाड़ी और स्टाफ मेंबर एक–दूसरे को गले लगाते हुए जीत की खुशी में आंसू बहाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, वीडियो में जडेजा को गोद में उठाने के बाद धोनी की आंखें नम होती दिख रही हैं। माही अपने फैन्स का भी शुक्रिया करते नजर आ रहे हैं।

चेन्नई ने पांचवीं बार जीता खिताब

गुजरात टाइटंस को फाइनल में 5 विकेट से हराकर चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल की ट्रॉफी को पांचवीं बार अपने नाम किया। इसके साथ ही माही की येलो आर्मी ने मुंबई इंडियंस के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। रोहित की पलटन ने भी आईपीएल के खिताब पर पांच बार कब्जा जमाया है।

# फाइनल की बारिश ब्रेक में "टिप टिप बरसा पानी" पर थिरके पूर्व क्रिकेटर, पहले किंग के परफॉर्मेंस पर झूमे लोग

नई दिल्ली, आईपीएल के इतिहास में पहली बार सोमवार को रिजर्व डे के दिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच फाइनल का मैच खेला गया।

बॉलीवुड के गीत पर झूमे कन्नड़ कमेंटेटर–

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद को बारिश के कारण ब्रेक के दौरान अपना अधिकांश समय मस्ती करते हुए बिताया। इस बीच बारिश के कारण दूसरी पारी देर से शुरू होने के चलते कन्नड़ कमेंटेटर को बॉलीवुड के गीत टिप टिप बरसा पानी की धुन पर थिरकते हुए देखा गया।

**रैपर किंग ने किया परफॉर्म—**

इससे पहले फाइनल दिन क्लोजिंग सेरेमनी में अर्पण कुमार चंदेल (रैपर किंग) परफॉर्म करने वाले इकलौते कलाकार थे, जिनके गानो पर दर्शक झूमते हुए नजर आए। किंग के एक गाने पर लोग धोनी को देख भावुक हो गए।

भीड़ हुई अनियंत्रित–

इधर किंग "तू मान मेरी जान, मैं तुझे जाने न दूंगा, मैं तुझको अपनी बाहों में चुपाके रखूंगा" गा रहे थे और वहां कैमरे में धोनी बड़े फाइनल के लिए खुद को तैयार करते हुए नजर आ रहे थे। इस गाने पर लोगों की भीड़ अनियंत्रित हो गई।

पांचवी बार जीती ट्रॉफी–

इसके अलावा सीएसके और धोनी के फैंस का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पांचवी बार ट्रॉफी जीतने पर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने टीम को बधाई दी है। पिचाई ने ट्वीट करते हुए लिखा कि क्या फाइनल था।



उन्होंने आगे लिखा कि हमेशा की तरह महान टाटा कढछ, सीएसके को बधाई और जीटी अगले साल और मजबूती से वापसी करेगी।

कोहली ने दी बधाई–

सीएसके की जीत के बाद विराट कोहली सोशल मीडिया पर एमएस धोनी की टीम को बधाई देने वाले पहले हाई–प्रोफाइल क्रिकेटरों में से एक थे।

कोहली ने लिखा कि रवींद्र जडेजा क्या चैंपियन है। बहुत खूब सीएसके और माही को खास बधाई, जिसके बाद उन्होंने हार्ट इमोजी भी डाले।

# टीम इंडिया के 'खास मिशन' में रोहित भी हुए शामिल, इंग्लैंड में इतिहास रचने की है तैयारी

नई दिल्ली, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना है। 7 जून से द ओवल के मैदान पर दोनों टीमों के बीच खिताबी मुकाबले में भिड़ंत शुरू होगी। आईपीएल 2023 का खुमार उतरने के बाद भारतीय खिलाड़ी इस खास मिशन को अंजाम तक पहुंचने के लिए इंग्लैंड की धरती पर पहुंचने लगे हैं। विराट कोहली, पुजारा समेत कई अहम प्लेयर्स पहले ही इंग्लिश सरजमीं पर कदम रख चुके हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा भी अब इंग्लैंड पहुंच चुके हैं।

**इंग्लैंड पहुंचे कप्तान रोहित**

आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस को दूसरे क्वालिफायर में मिली हार के साथ टीम का टूर्नामेंट में सफर खत्म हो गया। मुंबई को छठी बार चैंपियन बनाने का सपना भले ही रोहित पूरा ना कर सके हों, लेकिन टीम इंडिया को वर्ल्ड चैंपियन बनाने के लिए रोहत कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। रोहित डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। बीसीसीआई ने अपने ट्विटर हैंडल पर ट्वीट करते हुए इस बात की जानकारी दी है।

**भारतीय टीम से जुड़ चुके हैं कोहली—पुजारा**



बल्ले से शानदार फॉर्म में चल रहे टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा समेत अन्य प्लेयर्स पहले ही इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। बीसीसीआई ने तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें विराट सिराज और उमेश यादव के साथ प्रैक्टिस करते हुए नजर आए थे। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में कोहली के ऊपर विराट जिम्मेदारी होगी। पिछले एक साल में पूर्व भारतीय कप्तान के बल्ले से जमकर रन बरसे हैं और आईपीएल 2023 भी विराट के लिए बैट से यादगार रहा है।

आसान नहीं होगी फाइनल में राह

भारतीय टीम के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल में राह आसान नहीं होगी। टीम मुख्य खिलाड़ियों की इंजरी से जूझ रही है। जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत पहले ही टीम का हिस्सा नहीं हैं। वहीं, चोट के चलते केएल राहुल भी इस खिताबी मुकाबले से बाहर हो चुके हैं। इंग्लैंड की कंडिशंस में टीम इंडिया की नैया को पार लगाने की जिम्मेदारी सिराज और मोहम्मद शमी जैसे धाकड़ गेंदबाजों के कंधों पर होगी।

# पाकिस्तान में नहीं बल्कि श्रीलंका में हो सकता है 2023 का आयोजन




नई दिल्ली, श्रीलंका इस साल होने वाले एशिया कप की मेजबानी कर सकता है। बीसीसीआई द्वारा पीसीबी के हाअइब्रिड मॉडल को ठुकराने के बाद अब श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड एशिया कप की मेजबानी के लिए दावा प्रस्तुत कर सकता है।

**एशिया क्रिकेट बोर्ड का होगा अंतिम फैसला**

श्रीलंका बोर्ड के अधिकारी इन दिनों आइपीएल फाइनल के लिए अहमदाबाद में हैं। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि बोर्ड पीसीबी के स्थान पर एशिया कप की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। अब एशियाई क्रिकेट परिषद को इस संबंध में अंतिम निर्णय लेना है।


बीसीसीआई भी इस देश में चाहती है आयोजन

अधिकारी ने कहा कि बीसीसीआई भी टूर्नामेंट का कोलंबो में आयोजन करवाने का इच्छुक है और हम भी बीसीसीआई के साथ जाएंगे।

## फिल्मी सफर

# अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 अब ओटीटी की जगह सिनेमाघरों में देगी दस्तक

अक्षय कुमार की 2012 में आई फिल्म ओह माय गॉड को लोगों ने काफी पसंद किया था और यह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। अब फिल्म की सफलता के 11 साल बाद अक्षय एक बार फिर अपनी सोशल कॉमेडी ओह माय गॉड 2 के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वापस आ रहे हैं। हाल ही में फिल्म की रिलीज को लेकर आए अपडेट में कहा गया है कि फिल्म ओटीटी नहीं, बल्कि सिनेमाघरों में दस्तक देगी। ओह माय गॉड 2 में अक्षय भगवान शिव के किरदार में नजर आएंगे। इसमें पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी मुख्य भूमिका में हैं और यह भारत में यौन शिक्षा की पृष्ठभूमि के खिलाफ है। फिल्म का निर्देशन अमित राय ने किया है तो अश्विन वर्दे, वायकॉम 18 और जियो स्टूडियो इसके निर्माता हैं। अक्षय की पिछली फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन देख इस फिल्म के जियो सिनेमा पर रिलीज होने की बात सामने आ रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि अक्षय ने अपने सहयोगियों, अश्विन वर्डे, वायकॉम 18 और जियो स्टूडियोज के साथ ओह माय गॉड 2 को सिनेमाघरों में रिलीज करने का फैसला किया है।




फिल्म को लेकर काफी विचार हुआ, लेकिन निर्माताओं ने इसे ओटीटी पर रिलीज करने को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की और इसे सिनेमाघर में ही रिलीज करने का फैसला बरकरार रखा। फिल्म की एडिटिंग के बाद रिलीज डेट का ऐलान हो जाएगा। ओह माय गॉड एक कोर्ट रूम ड्रामा थी, जिसमें अक्षय और परेश रावल मुख्य भूमिका में थे। यह एक नास्तिक कांजी (परेश) की कहानी थी, जिसकी दुकान एक भूकंप में नष्ट हो गई। जब बीमा कंपनी ने भगवान की मर्जी का हवाला देकर उसे भुगतान देने से इनकार कर दिया तो कांजी ने भगवान के खिलाफ मामला दायर कर दिया। फिल्म में अक्षय भगवान कृष्ण की भूमिका नजर आए थे और कांजी के संघर्ष का हिस्सा बने थे।

पिछले दिनों अक्षय ने ओह माय गॉड को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक बताते हुए कहा था कि निर्माता इस साल सामाजिक कॉमेडी का दूसरा भाग लाने की तैयारी में हैं। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अक्षय ने फिल्म की कहानी के बारे में कहा था, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। हम स्कूल में बहुत से विषय सीखते हैं और यौन शिक्षा एक ऐसा विषय है जो दुनिया के सभी स्कूलों में होना चाहिए।

अक्षय अब स्काई फोर्स में सारा अली खान और निमरत कौर के साथ नजर आएंगे। दिनेश विजान की स्काई फोर्स में अक्षय पायलट की भूमिका में दिखाई देंगे। वह द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू और टाइगर श्रॉफ के साथ बड़े मियां छोटे मियां का हिस्सा हैं।

## छोटे टॉप में सिमरन कौर ने दिए ऐसे खतरनाक पोज, फोटो देखकर खो देंगे अपने होश

सोशल मीडिया पर अपने फैंस के दिलों के बेताब किए रहने वाली इंफ्लुएंसर सिमरन कौर एक मॉडल, एक्टर हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचाए रहती हैं। वहीं, उनकी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। बार्वी प्रिंटेड क्रॉप टॉप और शॉर्ट स्कर्ट में एक्ट्रेस सिमरन कौर गजब की बला लग रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल और मिनिमल मेकअप के साथ सिमरन कौर कहर ढा रही हैं। सिमरन कौर इंटरनेट पर अपनी तस्वीरों से फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। सिमरन चाहे वेस्टर्न ड्रेस में हो या इंडियन ड्रेस में अपने हॉट अंदाज से फैंस को घायल करने से पीछे नहीं है। सिमरन कौर की मदमस्त अदाएं देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर रहते हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरते रहते हैं। सोशल मीडिया पर उनके लाखों में फॉलोवर्स हैं। उन्हें इंस्टाग्राम पर 2.2 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

# शाहिद के हाथ लगी एक और एक्शन फिल्म, रोमांस से हो रहे दूर

शाहिद कपूर की फिल्म ब्लडी डैडी का बीते दिन ट्रेलर रिलीज किया गया था। फिल्म ब्लडी डैडी के ट्रेलर में शाहिद कपूर काफी एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं, जिसे खूब पसंद किया जा रहा है। वह अपनी इस फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। शाहिद कपूर ने अब एक और एक्शन फिल्म के लिए दक्षिण के नामचीन निर्देशक रोशन एंड्रयूज से हाथ मिलाया, जो मलयालम भाषा के जाने माने व्यक्ति हैं। इस फिल्म का निर्माण सिद्धार्थ रॉय कपूर और जी स्टूडियो मिलकर करेंगे। हालांकि अभी फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर जानकारी दी है कि शाहिद कपूर ने एक एक्शन–थ्रिलर फिल्म साइन की है। शाहिद कपूर की इस फिल्म को रोशन एंड्रयूज डायरेक्ट करेंगे। वहीं, यह पहला मौका है जब सिद्धार्थ रॉय कपूर और जी स्टूडियो किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हों। हालांकि, शाहिद कपूर की इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। इस फिल्म की शूटिंग साल 2023 के सेकेंड हॉफ में शुरू होगी। शाहिद कपूर की इस फिल्म का कहानी एक पुलिस अधिकारी के इर्द–गिर्द घूमती है जो एक हाई–प्रोफाइल केस की जांच कर रहा है। जहाँ तक शाहिद कपूर के काम की बात है तो उनकी ब्लडी डैडी 9 जून को प्रदर्शित होने जा रही है। यह सीधे ओटीटी प्लेटफार्म जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।



# रणदीप हुड्डा की स्वतंत्र वीर सावरकर का दमदार टीजर जारी, जंजीरों में जकड़े दिखे अभिनेता

रणदीप हुड्डा ने पिछले साल फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर की घोषणा की थी। पिछले साल सावरकर जयंती पर हुड्डा का लुक सामने आया था। आज हुड्डा ने फिल्म का टीजर जारी किया है। टीजर में सावरकर की भूमिका में हुड्डा का अभिनय और दमदार डायलॉग रोमांच पैदा करने वाले हैं। साथ ही टीजर देखकर यह भी लगता है कि सावरकर को लेकर फिर से नई राजनीतिक बहस छिडने् वाली है।

टीजर की शुरुआत आजादी की लड़ाई के क्रांतिकारी दृश्यों के साथ होती है। वीडियो के वॉयसओवर में हुड्डा कहते हैं, आजादी की लड़ाई 90 साल चली, लेकिन यह लड़ाई कुछ ही लोगों ने लड़ी। बाकी लोग तो सत्ता के भूखे थे। अगर गांधी अपनी अहिंसावादी सोच पर अड़े नहीं रहते तो देश 35 साल पहले ही आजाद हो जाता। सावरकर की भूमिका में हुड्डा अंग्रेजों की कैद में जंजीरों से जकड़े भी नजर आ रहे हैं।

इस फिल्म के निर्देशन की कमान भी हुड्डा संभाल रहे हैं। निर्देशक महेश मांजरेकर के फिल्म से बाहर हो जाने के बाद हुड्डा ने यह जिम्मेदारी ली थी। वह पहली बार निर्देशक के तौर पर काम करने जा रहे हैं। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं हुई है। फिल्म का निर्माण आनंद पंडित और संदीप सिंह कर रहे हैं। बता दें कि पिछले साल सावरकर जयंती पर हुड्डा ने फिल्म का पहला पोस्टर साझा किया था।

इस फिल्म में अंकिता लोखंडे को फीमेल लीड के लिए चुना गया है। फिल्म से उनका लुक भी सामने आ चुका है। फिल्म के बारे में अंकिता ने मीडिया से बातचीत में कहा था, मुझे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाना अच्छा लगता है। ऐसे किरदार जो न सिर्फ कहानी को आगे बढ़ाएं बल्कि दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ सकें। स्वतंत्र वीर सावरकर ऐसी ही एक प्रेरक कहानी है जिसे बताना जरूरी है। मैं इसका हिस्सा बनकर खुश हूं।

# राम चरण ने तेलुगु सिनेमा की ताकत पहचानने के लिए एनटीआर की तारीफ की



आरआरआर स्टार राम चरण ने कहा है कि टॉलीवुड हीरो से आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने वाले एन.टी. रामाराव ने तेलुगु को विश्व मानचित्र पर रखा और वह तब तक जीवित रहेंगे जब तक तेलुगु सिनेमा है। वह 28 मई को पडने् वाली एनटीआर की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में शनिवार रात आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। विडंबना यह है कि राम चरण के पिता मेगा स्टार चिरंजीवी एनटीआर के राजनीतिक विरोधी हुआ करते थे, लेकिन स्पष्ट रूप से अब काफी समय बीत चुका है।

एसएस राजामौली की आरआरआर में उनके सह–कलाकार जूनियर एनटीआर संयोग से आंध्र आइकॉन के पोते हैं। राम चरण ने कहा, आजकल तेलुगू सिनेमा की विदेशों में खूब तारीफ हो रही है और हर कोई दक्षिण भारतीय सिनेमा की तारीफ कर रहा है। ग्लोबल स्टार ने कहा, लेकिन, उन दिनों बहुत पहले एनटीआर गारू ने हमारे सिनेमा की ताकत को साबित किया। हमें उन दिनों के बारे में कभी नहीं भूलना चाहिए। हमें उन महान उपलब्धियों को याद रखना चाहिए।

वह हैदराबाद में कुकटपल्ली के कैथलपुर मैदान में आयोजित शताब्दी समारोह में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में कई फिल्मी और राजनीतिक हस्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर राम चरण ने एनटीआर गारू के साथ अपने व्यक्तिगत संबंध को याद किया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि कहां से शुरू करूं। उनका नाम सभी बेंचमार्क और उपलब्धियों से परे है। नंदामुरी तारक राम राव गारू एक बड़े व्यक्तित्व थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com